हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोनवार 28 सितंबर 2026

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹113687/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹138850/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹151568/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur

सीएम साय 2 से 7 तक सिंगापुर में, निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 2 से 7 अक्टूबर तक सिंगापुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे वहां होने वाले भारत-सिंगापुर विकास एवं कारोबार सम्मेलन में शामिल होंगे। यह सम्मेलन भारत और सिंगापुर के बीच व्यापार, निवेश और औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। हालांकि अभी इस कार्यक्रम का आधिकारिक ब्योरा जारी नहीं किया गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री की इस विदेश यात्रा के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बताया गया ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के नए केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर



सीधे संवाद का अवसर

बताया गया है कि सम्मेलन में निवेशकों, उद्योगपतियों और विभिन्न कारोबारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ संवाद होगा। इसके जरिए छत्तीसगढ़ में निवेश की ⏭शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ पर रहेगी नजर

मुख्यमंत्री श्री साय के लिए यह दौरा छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के नए केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर होगा। राज्य सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता, प्राकृतिक संसाधन, खनिज संपदा, बिजली उपलब्धता, अधोसंरचना और निवेश के लिए बनाई गई नीतियों की जानकारी निवेशकों को दी जा सकती है। राज्य की कोशिश केवल कच्चे खनिज के दोहन तक सीमित न रहकर खनिज आधारित उद्योगों में अधिक से अधिक मूल्य संवर्धन, विनिर्माण, परिवहन एवं भंडारण, निर्यात और नई तकनीक आधारित उद्योगों को आकर्षित करने की है। सिंगापुर जैसे अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी केंद्र में मुख्यमंत्री की मौजूदगी इस दिशा में महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही है।

मूरागांव के टोण्डामरका और मरकाकोनारी जंगल में मिली थी रकम

नक्सली डंप के 20 लाख गायब, दो डीएसपी पर संदेह, खुलेगा राज!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में नक्सली डंप की तलाश के दौरान मिली कथित 20 लाख रुपए की नकदी को लेकर पुलिस विभाग में एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि मार्च-अप्रैल 2026 में मूरागांव क्षेत्र के जंगलों में नक्सली डंप की तलाशी के दौरान बरामद रकम को नियमानुसार सरकारी खाते में जमा करने के बजाय तत्कालीन दो डीएसपी ने आपस में बांट लिया।

एसपी तक यह बात पहुंची तो उन्होंने मामले की जांच करवाई, लेकिन जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार कांकेर में पदस्थ तत्कालीन दो डीएसपी अपनी टीम के साथ विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत मूरागांव के आश्रित ग्राम टोण्डामरका और मरकाकोनारी के जंगलों में नक्सली डंप की तलाश के लिए अभियान पर निकले थे।

हरिभूमि फॉलोअप

अभियान के दौरान समर्पित नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर जंगल में डंप की तलाश की जा रही थी। आरोप के मुताबिक तलाशी अभियान के दौरान टोण्डामरका के जंगल से करीब 15 लाख रुपए और मरकाकोनारी के जंगल से करीब 5 लाख रुपए नकद बरामद हुए। कुल राशि करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोप यह भी है कि इस बरामदगी की जानकारी तत्कालीन अधिकारियों द्वारा उच्च स्तर पर नहीं दी गई और रकम आपस में बांट ली गई। हालांकि, बरामद नकदी और उसके कथित ⏭शेष पेज 7 पर



स्थानांतरण के बाद विभाग में होने लगी चर्चा

दोनों तत्कालीन डीएसपी का कांकेर जिले से स्थानांतरण के बाद डंप खोजने में लगी सक्रिय टीम को कथित बरामदगी को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं। यह मामला पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के संज्ञान में पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के स्तर पर शिकायत की जांच कराई गई। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपे जाने की चर्चा है। जांच रिपोर्ट के बाद विभागीय स्तर पर निर्णय का इंतजार किया जा रहा है। वहीं डंप में 20 लाख के बजाए 22 करोड़ रुपए मिलने की अफवाह भी फैली हुई है।

एसपी ने जांच की पुष्टि की

इस मामले में हरिभूमि ने कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा से बातचीत की। उन्होंने शिकायत प्राप्त होने और उसके आधार पर जांच कराए जाने की पुष्टि की। एसपी ने बताया कि मामले की जांच कराई गई है और जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई है। हालांकि जांच में क्या निष्कर्ष सामने आया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ क्या ⏭शेष पेज 7 पर

इधर, एसआई लाइन हाजिर

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में एक गिरफ्तार माओवादी को पैसे लेकर छोड़ने के आरोप में रविवार को उपनिरीक्षक रैंक के एक पुलिस अधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। बिहार के मोतिहारी जिले में पुलिस को वांछित भाकपा (माओवादी) से जुड़े नक्सली को चार दिन पहले हुसैनबाद थाना इलाके से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी उपनिरीक्षक वीरेंद्र ⏭शेष पेज 7 पर

बैंक यूनियनों ने टाली हड़ताल आम लोगों के लिए बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बैंकों में सप्ताह में पांच कार्यदिवस को लेकर सोमवार से होने वाली तीन दिन की बैंक हड़ताल टल गई है। 28, 29 और 30 सितंबर को होने वाली तीन दिन की देशव्यापी हड़ताल फिलहाल नहीं होगी। इंडियन बैंक एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बीच रविवार देर रात हुई बैठक में यह फैसला लिया ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



इन मुद्दों पर होगी चर्चा

स्केल-4 और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए पीएलआई (प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन) स्कीम को लेकर यूनियनों और एसोसिएशनों की आपत्तियों और सुझावों के मद्देनजर इसमें बदलाव का प्रस्ताव सरकार को भेजे जाने पर आईबीए के साथ चर्चा शुरू ⏭शेष पेज 7 पर

रविवार को खोलने पड़े थे बैंक

बैंक हड़ताल को देर रात भले ही रद्द करने का फैसला लिया गया है। लेकिन इसकी वजह से वित्त मंत्रालय के निर्देश पर 10 साल बाद रविवार को आम लोगों के लिए बैंक खोलने पड़े थे। इससे पहले, 2016 में नोटबंदी के बाद 14 नवंबर को रविवार के दिन बैंक खुले थे।

बाघ की हड्डियों के साथ दांत, दो पैंगोलिन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व, तेलंगाना वनमंडल तथा डीआरआई ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर एक बड़े तस्कर गिरोह को पकड़ा है। ऑपरेशन महाराष्ट्र-तेलंगाना सीमा पर चलाया गया। ज्वाइंट टीम ने इंटरस्टेट गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में बाघ की हड्डियों के साथ कैनाइन दांत तथा दो जिंदा पैंगोलिन बरामद किए ⏭शेष पेज 7 पर

स्क्वैश में महिला और पुरुष वर्ग में भाई-बहन की हुई 'चांदी'

18 साल की अनाहत ने रचा इतिहास



एशियन गेम्स में भारत का 37वां मेडल | 4 गोल्ड | 16 सिल्वर | 17 ब्रॉन्ज



एजेंसी/नागोया। भारत का स्क्वाश में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक का इंतजार जारी रहा, जब अनाहत सिंह और अभय सिंह को रविवार को यहां एशियाई खेलों के फाइनल में अपने-अपने मलेशियाई प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियन गेम्स 2026 में भारत की 18 साल की युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने इतिहास रच दिया है। महिला सिंगल्स के फाइनल में उन्हें मलेशिया की अनुभवी खिलाड़ी शिवसंगरी सुब्रमण्यम के हाथों 4-11, 4-11, 7-11 से हार ⏭शेष पेज 7 पर

भारत को 8वें दिन चार सिल्वर समेत 7 मेडल

एशियन गेम्स के 8वें दिन भारत ने 7 मेडल जीते हैं। इसके साथ भारत के कुल 37 मेडल हो गए हैं। सर्वेश कुशारे ने मेंस हाई जंप में सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने 2.25 मीटर की बेस्ट जंप की। रविवार को पारुल चौधरी ने महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:08.67 के पर्सनल बेस्ट के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले ⏭शेष पेज 7 पर



रेडियो कार्यक्रम मन की बात में छत्तीसगढ़ के अभियान की सराहना की

मोदी को भाया छग का मुनगा, बोले- हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा

स्थानीय संसाधनों से कुपोषण दूर करने की पहल, आंगनबाड़ी केंद्रों से घर घर पहुंचेगा मुनगा पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ में पोषण जागरूकता को जनभागीदारी से जोड़ने वाले 'हर घर मुनगा–घर-घर मुनगा' अभियान को अब राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में छत्तीसगढ़ की इस अनूठी पहल का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने रेखांकित किया कि किस तरह स्थानीय स्तर पर सहज उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके पोषण की गंभीर चुनौतियों का समाधान तलाशा जा सकता है।

आंवला बना रोजगार का जरिया

इसके अलावा, पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ के मशहूर आंवले का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि आंवला किसानों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। प्रतापगढ़ में आंवला प्रोसेसिंग से जुड़ी करीब 100 यूनिट काम कर रही हैं, जिनमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

थाईलैंड में भगवान गणेश की लोकप्रियता बताई : पीएम मोदी ने कहा कि भगवान गणेश की भक्ति सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। थाईलैंड में गणेश जी की पूजा 'फ्रा फिकानेट' के रूप में की जाती है। उन्होंने बताया कि गणेश से जुड़ी परंपराओं पर शोध करने वाले श्रद्धालुओं के प्रयासों से वहां अष्टविनायक यात्रा भी लोकप्रिय हुई है।





जनगणना को बताया राष्ट्रीय दायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि जनगणना हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपनी और परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने की अपील की। मोबाइल से यह प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकती है। मोदी ने बताया कि जनगणना का पहला चरण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग पूरा हो चुका है।

अंतागढ़ के लामकन्हार में सीएम साय ने सुनी 'मन की बात'

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम लामकन्हार स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 138वीं कड़ी का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 'हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा' अभियान का उल्लेख किए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के अलग-अलग हिस्सों में जनभागीदारी से हो रहे सकारात्मक बदलावों और नवाचारों को 'मन की बात' के माध्यम से राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं।



छत्तीसगढ़ के प्रयासों का उनके द्वारा लगातार उल्लेख किया जाना प्रदेशवासियों के परिश्रम और सहभागिता का सम्मान है। इससे हमारे स्थानीय प्रयासों को नई पहचान मिलने के साथ ही बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा' अभियान कुपोषण के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की लड़ाई को जनभागीदारी से और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुनगा सहज उपलब्ध होने के साथ पोषण का महत्वपूर्ण स्रोत है। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कुदरत का कहर: बिहार में बाढ़ से 500 घर डूबे, कोसी-गंडक उफान पर

केदारनाथ में भूस्खलन, हजारों यात्री फंसे, यूपी में अब तक 30 की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर और मध्य भारत में मौसम के बिगड़े मिजाज और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के पास केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लगातार लैंडस्लाइड होने के कारण लगभग 4,000 श्रद्धालु फंस गए हैं। केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है। वहीं उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश में हुईं विभिन्न घटनाओं में अब तक 30 लोगों की मौत हो गई है। बिहार में कोसी और गंडक नदियों के उफान से बाढ़ के हालात गंभीर बने हुए हैं। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोन अर्नब का असर अब कमजोर पड़ा है और 30 सितंबर तक बारिश की तीव्रता घटने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश: 65 घंटे से मूसलाधार बारिश : उत्तरप्रदेश के लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और जौनपुर सहित 45 शहरों में बीते 65 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। 30-40 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं और बारिश के कारण पिछले 2 दिनों में 30 लोगों की जान जा चुकी है। हजारों पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए हैं, जबकि किसानों की फसलें तबाह हो गई हैं। राज्य के 22 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।



बिहार: बाढ़ की स्थिति, 6000 गांव बने टापू

बिहार में नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण कोसी और गंडक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। 17 जिलों के करीब 6,000 गांव टापू में तब्दील हो चुके हैं। लगभग 500 घर पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। अकेले सुपौल के 50 गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

हिमाचल प्रदेश: ऊंचे इलाकों में बर्फबारी

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। कल्पा में 20.5 मिमी और शिमला में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। पूह के कुन्नू और छितकुल में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है।

राजस्थान: कोटा और जैसलमेर में ओले गिरे

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और बंगाल की खाड़ी के चक्रवात के असर से राज्य के 16 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कोटा के मंडाना और जैसलमेर के मोहनगढ़ में तेज बारिश के साथ ओले गिरे।

मध्य प्रदेश: कोटे की 95.4 फीसदी बारिश दर्ज

मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में सितंबर के अंतिम दिनों में हुई बारिश से मानसून का औसत 35.6 इंच (कोटे का 95.4 प्रतिशत) तक पहुंच गया है। हालांकि, यह आधिकारिक सामान्य बारिश (96 प्रतिशत से 104 फीसदी) के आंकड़े से थोड़ा कम है।

नेपाल में फिर आफत!


हिमस्खलन से 12 लोग लापता

रविवार की सुबह सेंट्रल नेपाल में हिमलुंग पीक के बेस कैंप पर हिमस्खलन होने के बाद कम से कम 12 स्थानीय पर्वतारोही और गाइड लापता हो गए हैं। यह 7,126 मीटर ऊंची हिमलुंग पीक नेपाल और तिब्बत की बॉर्डर के पास स्थित है। बता दें कि मौसम विभाग की तरफ से पिछले हफ्ते ही खराब मौसम की चेतावनी जारी किए जाने के बाद अधिकांश पर्वतारोहण टीमों ने सुरक्षित नीचे उतरना शुरू कर दिया था मगर कुछ लोग इसके बावजूद वहीं रुके हुए थे जो लापता हैं। फिलहाल दो हेलीकॉप्टर और रेस्क्यू टीम तैयार है, लेकिन खराब मौसम की वजह से सर्च ऑपरेशन रुका हुआ है। हिमस्खलन से पहले इस इलाके में कई दिनों तक भारी बर्फबारी हुई थी।



यूपी में मिठाई की 'यूज बाई डेट' दिखाना होगा अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई



उत्तर प्रदेश में मिठाई खरीदने वाले उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और हितों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राज्य में 15 अक्टूबर से बेची जाने वाली मिठाइयों पर 'यूज बाई डेट' यानी उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करना अनिवार्य कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, यह व्यवस्था विशेष रूप से खुली मिठाइयों को लेकर महत्वपूर्ण है क्योंकि अब तक इनके संबंध में उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करने का कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं था। उन्होंने बताया कि अलग-अलग मिठाइयों की उपयोग अवधि एक दिन से लेकर 30 दिन तक हो सकती है। विभाग का मानना है कि मिठाई की 'यूज बाई डेट' स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने से उपभोक्ता को यह जानकारी मिल सकेगी कि संबंधित खाद्य पदार्थ का सेवन किस अवधि तक करना उचित है।

'ऑपरेशन बॉर्डर बुलियन बस्ट'

पांच शहरों में छापे, 10.36 करोड़ का 6.61 किलो सोना बरामद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोने की तस्करी करने वाले एक बड़े सिंडिकेट का खुलासा किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक यह गिरोह करीब 475 करोड़ रुपये कीमत के 318 किलो सोने की तस्करी से जुड़ा हुआ था। इस मामले में डीआरआई ने देश के कई शहरों में एक साथ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सिंडिकेट से जुड़े 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है।

भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए तस्करी : डीआरआई के मुताबिक, भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए सोने की तस्करी की जा रही थी। इसके बाद इस सोने को सीधे बड़ी खेप में भेजने के बजाय छोटे-छोटे कूरियर पार्सलों में बांटकर मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और गुवाहाटी जैसे शहरों तक पहुंचाया जा रहा था।



मुंबई सहित इन शहरों में हुई छापेमारी

डीआरआई ने इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन बॉर्डर बुलियन बस्ट' नाम दिया था। इस ऑपरेशन के तहत मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और गुवाहाटी में कार्रवाई की गई। एजेंसी ने अलग-अलग ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए 6.61 किलो सोना बरामद किया है। बरामद सोने की कीमत करीब 10.36 करोड़ रुपये बताई गई है।

318 किलो सोना तस्करी का खुलासा

कुल मिलाकर, मुंबई डीआरआई की इस कार्रवाई ने 318 किलो सोने की कथित तस्करी और करीब 475 करोड़ रुपये के नेटवर्क का खुलासा करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे। तस्करी किए गए सोने को देश के किन-किन हिस्सों में खपाया जाता था।



खबर संक्षेप


सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद। मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्द और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान बिलारी क्षेत्र के चिड़िया भवन गांव निवासी सुरजीत के तौर पर हुई है। जार गांव के रहने वाले राजीव कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि सुरजीत को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया।



खड़गे 'शुद्धिकरण' विवाद पर कांग्रेस की बैठक कल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को मोदी सरकार पर ''दलित विरोधी'' और ''आदिवासी विरोधी'' होने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी उत्तराखंड में पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद किए गए 'शुद्धिकरण'' कार्यक्रम को लेकर 29 सितंबर को 'दलित-आदिवासी स्वाभिमान बैठक' आयोजित करेगी। यह बैठक कांग्रेस अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति सांसद मंच की ओर से कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के मावलंकर हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के सभी कांग्रेस सदस्य, पूर्व सांसद, कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री शामिल होंगे।



सैटेलाइट तस्वीरों में कोई कैरियर या डेस्ट्रॉयर नहीं दिखे

ईरान की घातक मिसाइल के खौफ से 1200 किमी पीछे हटी अमेरिकी नौसेना



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी नौसेना ने हाल के हफ्तों में ईरान के आसपास के समुद्री इलाकों से अपने बड़े जहाज हटा दिए हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ है कि ओमान की खाड़ी और अरब सागर में कोई अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर या डेस्ट्रॉयर मौजूद नहीं है। सितंबर की शुरुआत से ये जहाज वहां से गायब हो गए। इस बदलाव का कारण ईरान की कासिम बसीर नाम की बैलिस्टिक मिसाइल बताया जा रहा है। ईरान का दावा है कि इस मिसाइल ने पहली बार असल मुकाबले में इस्तेमाल होकर अमेरिकी जहाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कीं।

कासिम बसीर मिसाइल का डर

कासिम बसीर को ईरान कैरियर किलर यानी बड़े युद्धपोतों को निशाना बनाने वाली मिसाइल बताता है। इसकी रेंज करीब 1200 किलोमीटर बताई जाती है। इसमें थर्मल और ऑप्टिकल सीकर लगे होने का जिक्र है जो युद्धपोतों को खोजने में मदद करते हैं। पहली बार युद्ध में इस्तेमाल होने का दावा किए जाने के बाद अमेरिकी बेड़े ने अपनी स्थिति बदली। अमेरिका के बड़े जहाजों के साथ ही यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड तो मध्य पूर्व से पूरी तरह बाहर चला गया। एक फोर्ड-क्लास कैरियर की कीमत 13 अरब डॉलर और उस पर 4500 के करीब नाविक होते हैं। एक मिसाइल की लागत उसके मुकाबले बहुत कम होती है।

मृतकों की उम्र महज 18 और 24 साल

सार्वजनिक शौचालय में संदिग्ध केमिकल की गंध से 2 की मौत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के राम मंदिर इलाके में एक सार्वजनिक शौचालय में संदिग्ध केमिकल की गंध से दम घुटने की घटना सामने आई है। घटना में दो युवकों को सांस लेने में तकलीफ और दम घुटने की शिकायत के बाद ट्रॉमा केयर अस्पताल ले जाया गया। दोनों युवकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान प्रभाकर धनिवार (24) और भाविन देसाई (18) के तौर पर हुई है। घटना के बाद संबंधित एजेंसियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यह है कि सार्वजनिक शौचालय के अंदर किस तरह का रासायनिक पदार्थ मौजूद था और वहां रासायनिक गंध कैसे फैली।

क्या है पूरा मामला?

बीएमसी के अनुसार, रविवार 27 सितंबर की सुबह करीब 8:30 बजे स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक शौचालय के अंदर तेज रासायनिक गंध होने और दो लोगों के दम घुटने की सूचना दी। दोनों प्रभावित युवकों को इलाज के लिए ट्रॉमा केयर अस्पताल ले जाया गया था। हालांकि, अस्पताल के संबंधित चिकित्सक से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवकों को रात के समय अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने सुबह 3 बजकर 49 मिनट पर दोनों को मृत घोषित कर दिया।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आंकड़ों ने दिखाई खौफनाक तस्वीर

हर साल 43 हजार से ज्यादा बच्चियां हो रहीं दरिंदगी का शिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार के जमुई, समस्तीपुर और बांका से लेकर दिल्ली के कालकाजी और ओडिशा के धेनकनाल तक देश के अलग-अलग हिस्सों से सामने आई यौन हिंसा की जघन्य घटनाओं ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इन घटनाओं के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोश है। हालांकि, जो घटनाएं सुर्खियों में आती हैं, वे इस भयावह सच्चाई का एक छोटा सा हिस्सा भर हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के हालिया आंकड़े बताते हैं कि देश में नाबालिग बच्चियों की सुरक्षा स्थिति कितनी गंभीर और चिंताजनक हो चुकी है।



12 से 18 वर्ष आयु की बालिकाएं सबसे ज्यादा पीड़ित

आंकड़ों के मुताबिक, यौन हिंसा का शिकार बनने वाली हर 10 में से लगभग 9 लड़कियां इसी आयु वर्ग (12 से 18 वर्ष) की थीं। इन्हीं 5 सालों में यौन उत्पीड़न के 96,505, छेड़छाड़ के 12,807, चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े 2,924 और अन्य श्रेणी के 3,034 मामले दर्ज हुए।

97 प्रतिशत आरोपी जान-पहचान वाले : एनसीआरबी की रिपोर्ट का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि बच्चियों के लिए सबसे ज्यादा खतरा बाहर के अनजान लोगों से नहीं, बल्कि उनके अपने से है।

पिछले एक दशक में मामले 4 गुना बढ़े

आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक (2015 से 2024) में नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में चार गुना (400 फीसदी) की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2015 में 18 साल से कम उम्र की पीड़ितों के 10,934 मामले पुलिस में दर्ज हुए थे। वर्ष 2024 तक यह आंकड़ा चिंताजनक रूप से बढ़कर 43,675 तक पहुंच गया।

किशोरियां सबसे ज्यादा निशाने पर

2020 से 2024 के बीच कुल 1.83 लाख नाबालिग लड़कियां दुष्कर्म का शिकार बनीं। इन पांच वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर सामने आता है कि पीड़ित बच्चियों में दो-तिहाई मामले केवल दुष्कर्म के थे। 16 से 18 वर्ष की उम्र के सबसे ज्यादा 94,503 मामले दर्ज किए गए। 12 से 16 वर्ष की उम्र के 70,442 मामले सामने आए।


86 फीसदी मामले अदालतों में पेंडिंग

एक तरफ जहां अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। वहीं पीड़ित बच्चियों को न्याय मिलने की रफ्तार बेहद धीमी रही है। वर्ष 2024 में नाबालिगों से जुड़े रेप के मामलों में दोषियों को सजा मिलने की दर मात्र 30 प्रतिशत रही। 2024 के अंत तक ऐसे मामलों का 86 प्रतिशत हिस्सा अदालतों में लंबित रहा।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




■ भारतीय वायु सेना ने छत्तीसगढ़ में बाढ़ में फंसे 12 नागरिकों को सुरक्षित बचाया

गरुड़ कमांडो ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बारिश और अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण डोंगाघाट क्षेत्र में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया, जिससे कई ग्रामीण और छोटे बच्चे छतों पर फंसे हुए थे। जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों ने रविवार को भारतीय वायु सेना के विशेष एमआई-17 हेलीकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और जिन्दगी और मौत से जूझ रहे 18 नागरिकों को सुरक्षित एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस बचाव अभियान की कमान स्वयं कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने संभाली। वहीं ओडिशा के खातीगुड़ा बांध के गेट खुलने से बढ़ा इंद्रावती का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है । लगातार तीन दिनों की भारी बारिश के बाद रविवार को बारिश थमने से निचले इलाकों में पानी कम होने लगा है।





छत्तीसगढ़ में बाढ़ से 571 गांवों के 22377 लोग प्रभावित, 16 हजार सुरक्षित निकाले

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों ने कठिन परिस्थितियों के बीच अब तक 16074 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। बस्तर और बीजापुर के दुर्गम इलाकों में फंसे लोगों को निकालने ▶▶|शेष पेज 7 पर



बारिश थम गई, पर मुसीबत कम नहीं हुई, कई इलाकों में जलभराव अभी भी

महानदी शांत हो रही, नदी-नालों में बहे तीन अब भी लापता

हेलीकॉप्टर से बचाए गए लोग, शिविरों में हजारों

राज्य में बारिश अब थम गई है। लेकिन लोगों की मुसीबत की मुसीबत अभी कम नहीं हुई है। बांधों से पानी छोड़ने के कारण नदी किनारे के गांवों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। बस्तर में आज बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरना पड़ा। एयरलिफ्ट करके 18 लोगों को सुरक्षित बचाया गया। वहीं अकेले बस्तर जिले में करीब 5 हजार लोग अब भी राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। धमतरी में नदी-नालों में बहे तीन लोगों का कोई पता नहीं चला है। हालांकि गंगरेल बांध से पानी अब भी छोड़ा जा रहा है, लेकिन नदी का जलस्तर और नहीं बढ़ रहा है। रास्ते खुलने लगे हैं। गरियाबंद जिले के मैनपुर जैसे दूरस्थ इलाके में अब भी रेस्कियू ऑपरेशन चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

बाढ़ से मिली राहत, नाले में बहे दो बच्चे सहित बुजुर्ग लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

बारिश थमने के बाद नदी नालों में आए उफान सामान्य स्थिति में आ गए हैं। विभिन्न पुल पुलिया में बाधित आवागमन फिर से शुरू हो गया है। महानदी परियोजना के बांधों में पानी की आवक घटने से बाढ़ से राहत मिली है। रविवार शाम को शहर के सोरिद नगर में एक और बच्ची के ▶▶|शेष पेज 7 पर

दो लापता, एक की तलाश


25 सितंबर को भारी बारिश के दौरान मेघा नाले में 8 वर्षीय बच्ची तथा सिहावा में एक बुजुर्ग के नाले में बह गया है। रविवार शाम को शहर में सोरिद नाले में 6 साल का लक्ष्य पिता चुन्नीलाल साहू बह गया है। जिला सेनानी शोभा ठाकुर ने बताया कि लगातार दो दिन के रेस्क्यू अभियान के बाद भी मेघा नाले में बहे बच्ची तथा सिहावा में बुजुर्ग की खोज नहीं हो पाई है।

महानदी की धार कम हुई

राजिम। राजिम महानदी की ऊफनती धार में किंचित कमी आई है। गरियाबंद जल संसाधान विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन ने बताया कि सिकासार से 17 हजार क्यूसेक पानी एवं सोदुर से 11 हजार क्यूसेक पानी पैरी नदी में छोड़ा जा रहा है तथा गंगरेल जलाशय से अभी भी 90 हजार क्यूसेक पानी महानदी में आ रहा है। ये तीनों जलाशयों का पानी राजिम पहुंचकर महानदी के रूप में आगे की ओर बढ़ रहा है। हालांकि रविवार को धार की रफ्तार कम हुई है।

बारिश थमी पर मैनपुर ब्लॉक में नदी उफान पर

मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में लगातार बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर हैं। देवझर अमली-आमाड़ मार्ग पर उदंती एवं इंद्रावन नदी रविवार को भी देर शाम तक पूरे उफान पर रहा जिसके कारण लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।



तांदुला, मटियामोती खरखरा छलके

भिलाई। लगातार हुई बारिश के बाद जल संसाधन विभाग के प्रमुख जलाशयों छलकने लगे हैं। 27 सितंबर की टैंक गेज रिपोर्ट के अनुसार तांदुला जलाशय इस सीजन में पहली बार अपनी पूर्ण 100 प्रतिशत क्षमता तक भर गया है। खरखरा और मटियामोटी जलाशय भी निर्धारित क्षमता से अधिक हो गया है और छलकने लगे हैं। गोंदली जलाशय भी 99.99 प्रतिशत यानी पूर्ण रूप से भर गया है। इसलिए इन जलाशयों से पानी छोड़े जाने की नौबत आ गई है।

18 घंटे भूखे रहे, फिर भी नहीं रुका रेस्क्यू

सुकमा। आपदा में अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाने वाले जांबाज जवानों को कई तरह की कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। लगातार तीन दिनों से हुई बारिश से बाढ़ के हालात पैदा हो गए थे। दर्जनों लोग यहां-वहां फंसे थे। नेशनल हाईवे तक बंद हो गया था। ऐसे कठिन हालात में रेस्क्यू के लिए निकली टीम को एक जगह पानी के जमाव को खाली करना था। लेकिन टीम के पास मौजूद पंप खराब हो गया। रेस्क्यू के दौरान रतजगा तो करना ही पड़ा, 18 घंटे तक जवानों को भूखे भी रहना पड़ा।

पुसौर के 10 गांवों में मच गया हाहाकार, खेतों और घर हुए लबालब

रायगढ़। शनिवार को गंगरेल का खोले गए गेट से निकल रहा 51 क्यूसेक पानी से पुसौर ब्लॉक के दर्जन भर गांवों में हाहाकार मचा दिया है। खेतों में पहले पानी भरा, इसके बाद धीरे-धीरे ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया। हालात यह है कि सैकड़ों ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना पड़ा। इसमें नावापाली के करीब साढ़े 4 सौ और सूरजगढ़ करीब 80 परिवारों को रेस्क्यू करना पड़ा। दूसरी ओर पोरथ और रानीडीह में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। कारण बाढ़ के पानी से कभी खतरा हो सकता है। रविवार को प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का मास्टर कूपन

कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

जी20 बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे गोयल

वाशिंगटन। जी20 देशों के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री अमेरिका की बदलती शुल्क नीतियों, लंबे समय से जारी ईरान युद्ध और आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहे दबाव के बीच मिलवॉकी में बैठक करेंगे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक होने वाली जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे।



विराट कोहली ने जड़ा 55वां वनडे शतक

तिरुवनंतपुरम। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती मैच के दौरान अपना 55वां वनडे शतक जड़ा जो उनका कुल 86वां सैकड़ा है। कोहली ने पारी में इससे पहले केवल 40 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 74वीं गेंद पर तिहरे अंक का आंकड़ा पार किया। उन्होंने गेंदबाज गुडाकेश मोती के सिर के ऊपर से छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपना 55वां वनडे शतक पूरा करने के लिए छह छक्के और इतने ही चौके जड़े।

केरलम में सरकारी विभाग की वेबसाइट हैक

तिरुवनंतपुरम। केरलम सरकार की आधिकारिक वेबसाइट को संदिग्ध पाकिस्तानी हैकर समूह ने हैक कर लिया। वेबसाइट को सुबह हैक किया गया और उस पर पाकिस्तान का झंडा लगा दिया गया। वेबसाइट पर 'टीम ब्लैकलीट्स' द्वारा इसे हैक किए जाने का दावा करने वाला एक संदेश भी पोस्ट किया गया। जिसमें पाकिस्तान के समर्थन में नारा लिखा था।

गणेश विसर्जन के दौरान लाठीचार्ज, विरोध में बंद रहा सिमगा, टीआई और तीन सिपाही निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में शनिवार तड़के विसर्जन जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में रविवार को सिमगा पूरी तरह बंद रहा। श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों व समिति के सदस्यों पर पुलिसिया कार्रवाई से आक्रोशित हजारों लोगों ने जयस्तंभ चौक पर 8 घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर आवागमन बाधित रहा। अंततः प्रशासन द्वारा थाना प्रभारी (टीआई) और तीन आरक्षकों को निलंबित करने तथा एसडीओपी के खिलाफ विभागीय जांच के लिखित आश्वासन के बाद दोपहर में आंदोलन समाप्त हुआ और प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो सका। नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य झांकियों के साथ गणेश विसर्जन जुलूस निकाला गया था, जिसमें नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। आरोप है कि रविवार तड़के लगभग 4 बजे बिना किसी बातचीत या चेतावनी के पुलिस ने ▶▶|शेष पेज 7 पर



एसडीओपी पर विभागीय जांच का आदेश

वहीं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को घटना की जानकारी मिलते ही सिमगा पहुंच कर गृहमंत्री विजय शर्मा एवं आईजी से चर्चा कर मामले में संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीशनल एसपी खोमन सिन्हा थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि टीआई धीरेंद्र दुबे सहित तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एसडीओपी तारेश साहू के खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी। तब कहीं जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

प्रतिमाएं रख 8 घंटे तक चक्काजाम

घटना के विरोध में रविवार सुबह 6 बजे से आक्रोशित नागरिक, युवा व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जयस्तंभ चौक पर एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने मांग रखी कि जब तक दोषी टीआई और एसडीओपी पर निलंबन की कार्रवाई नहीं होती, तब तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। चौक पर ही गणेश प्रतिमाओं को रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, जिससे रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बंद के आह्वान के चलते नगर की सभी दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहे।

बिश्नोई गैंग के नाम से 25 करोड़ की फिरौती मांगने वाला निकला पूर्व मेयर का भतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले पूर्व महापौर कांग्रेस नेता एजाज ढेबर, फिर पूर्व पार्षद आनंद कुकरेजा को विश्नोई गैंग के नाम से फोन कर फिरौती के लिए धमकी भरे फोन कॉल आने से शहर में सनसनी जैसी स्थिति थी, लेकिन मामला कुछ और निकला। एजाज के भतीजे ने ही कुकरेजा से 25 करोड़ की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने उसे दबोच लिया है। अलबत्ता अभी एजाज ढेबर को धमकी किसने दी, इस पर सस्पेंस बना हुआ है। शोएब को पूर्व पार्षद के मामले में ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। गौरतलब है, कुकरेजा की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा बीएनएस की धारा 308 (4), ▶▶|शेष पेज 7 पर



सेशन कोर्ट में अपील करेगी पुलिस

अवकाशकालीन कोर्ट से शोएब ढेबर को जमानत मिलने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के साथ रिमांड देने की मांग करने सेशन कोर्ट में अपील करेगी। इस बात की पुष्टि रायपुर सेंट्रल के डीसीपी तारकेश्वर पटेल ने की है। पुलिस अफसर के अनुसार, ढेबर के पास विदेशी नंबर कहां से आया, उसने और किन-किन लोगों को कॉल किया है। इस संबंध मे उससे विस्तृत पूछताछ करनी है।

जिन धाराओं में अपराध दर्ज उनमें इतनी सजा

- *बीएनएस धारा 308(4) - जबरन वसूली इस अपराध के लिए कठोर कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। सामान्य जबरन वसूली में 7 साल तक की सजा हो सकती है, और गंभीर चोट या मृत्यु के भय से जुड़े मामलों में सजा बढ़ सकती है।*
- *बीएनएस धारा 351(3) - आपराधिक धमकी का गंभीर रूप, दोषी पाए जाने पर 7 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।*
- *बीएनएस धारा 351(4) - गुमनाम या छिपी पहचान से धमकी, सामान्य धमकी की सजा के अलावा, पहचान छिपाने या गुमनाम रहने के लिए 2 साल तक की अतिरिक्त कैद और जुर्माने से दंडित किया जाता है।*

सीएम साय बोले

राहुल अब देशद्रोही आचरण पर उतारू, माफी मांगनी चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, चुनाव हारने का शतक पूरा कर चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब बौखलाहट में लगातार देशद्रोही आचरण पर उतारू हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुआई में कांग्रेस अब देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने, लगातार झूठ और फरेब के राजनीति कर देश को बदनाम करने में जुटी हुई है। राहुल गांधी को देश और चुनाव आयोग से माफी मांगनी चाहिए।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त द्वय की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से यह साबित हो गया है कि आयोग में मतभेद संबंधी कांग्रेस के तमाम दावे न केवल खोखले हैं, बल्कि जान-बूझ कर ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

कांग्रेस झूठ फैला रही

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, इस संबंध में अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट भी कोरी कल्पना के अलावा कुछ नहीं है। समाचार में कैबिनेट सेक्रेटरी को लिखे जिस पत्र का जिक्र है, वह न तो किसी किसी नीतिगत विषय से संबंधित है, न ही एसआईआर से संबंधित। वह सामान्य प्रशासकीय विषय था। वैसे भी चुनाव आयोग सीधे राष्ट्रपति के प्रति जिम्मेदार है, इसलिए कैबिनेट सचिव को किसी नीतिगत मामले पर पत्र लिखने का कोई तुक ही नहीं है, न ही आयुक्तों ने ऐसा कोई पत्र लिखा है। श्री साय ने इस बात पर अफसोस जताया कि जिन विषयों को सुप्रीम कोर्ट तक सही ठहरा चुका है, उसके खिलाफ भी कांग्रेस झूठ फैला रही है।

अपराधी की तरह राहुल संविधान का निरादर कर रहे

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक आदतन अपराधी की तरह राहुल गांधी लगातार संविधान का निरादर कर रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। हर बार और हर मंच पर मुंह की खाते हैं, बार-बार माफी मांगते हैं और फिर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। इसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है। इससे पहले ईवीएम पर सवाल उठाते थे। उसे 'ब्लैक बॉक्स' कहते थे लेकिन उसी ईवीएम से जीत कर स्वयं भी सांसद हैं। अनेक राज्यों में उनकी न केवल सरकार है बल्कि 600 से अधिक विधायक और 99 लोकसभा ▶▶|शेष पेज 7 पर

9 क्विंटल 19 किलो गांजे की बड़ी खेप के साथ दो पिकअप बरामद

4 करोड़ 59 लाख 50 हजार रुपए कीमत का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नागपुर

एमसीबी जिले की नागपुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहनों से 9 क्विंटल 19 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 59 लाख 50 हजार रुपए है। कार्रवाई के दौरान दोनों पिकअप वाहनों को भी जब्त किया गया है। मामले में 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार दोनों पिकअप वाहन ओडिशा से गांजे की खेप लेकर कटनी की ओर जा रहे थे। वाहनों के नंबर ओडी-14-एएल-9682 और ओडी-14-एए-3468 बताए गए हैं। दोनों वाहनों को चरचा थाना क्षेत्र में रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर फरार हो गए। इसकी सूचना नागपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद नागपुर पुलिस नेशनल हाईवे-43 पर अलर्ट हुई।



- जब्ती- 9 क्विंटल 19 किलो गांजा, दो पिकअप वाहन
- गांजे की अनुमानित कीमत- 4 करोड़ 59 लाख 50 हजार रुपए
- वाहनों की अनुमानित कीमत- करीब 10 लाख
- गिरफ्तारी- 6 आरोपी
- स्थान- लाई ग्राम, मनेन्द्रगढ़ रोड, नेशनल हाईवे-43

ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

ऑनलाइन गेमिंग कंपनी की 442 करोड़ की संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट और इसके ऐप रमीकल्चर के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत 442 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि संपत्तियां कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत 25 सितंबर को अस्थायी आदेश जारी किया गया था। ईडी ने कहा कि इनमें एफडी, व्यावसायिक दुकानें, एक विला और कई आवासीय संपत्तियां शामिल हैं। ये संपत्तियां गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के शेयरधारकों के परिवार के सदस्यों, अन्य संबंधित संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं।

नए यूजर्स को जोड़ने 1035 करोड़ खर्च

नए यूजर्स को जोड़ने के लिए कंपनियों ने मार्केटिंग और प्रमोशन कैंपेन पर लगभग 1,035 करोड़ रुपये खर्च किए। नए यूजर्स को बोनस, रेफरल इंसेंटिव, फ्री टूर्नामेंट एंट्री और प्रमोशनल रिवॉर्ड्स का लालच देकर गेम खेलने और ज्यादा पैसे जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कंपनियों पर पैसे निकालने के लिए मुश्किल नियम लागू करने का भी आरोप है।

रसिक की खौफनाक मौत पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने चौंकाया

डॉक्टर भी हैरान, दर्द से चीखा क्यों नहीं संत प्रेमानंद का शिष्य

एजेंसी ▶▶| मथुरा

हरिभूमि फॉलोअप

मथुरा के वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के शिष्य की संदिग्ध हालात में हुई मौत से सनसनी फैल गई है। केली कुंज आश्रम के पास स्थित 'गुरु कृपा कुंज' भवन में रहने वाले रसिक दुलारी शरण (दीपक पटेल) की चौथी मंजिल से गिरकर जान चली गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आई है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

- सिर और चेहरे पर चोट : चौथी मंजिल से नीचे गिरने के कारण सिर और चेहरे पर गहरी चोटें आईं।
- हाथ-पांव और एड़ी पर जख्म : जमीन पर तेज प्रभाव से हाथ, पैर और एड़ी की हड्डियां प्रभावित हुईं।
- प्राइवेट पार्ट पर ग्राइंडर के निशान : प्राइवेट पार्ट कटने से अत्यधिक खून बह गया।
- मौत का मुख्य कारण : डॉक्टरों के अनुसार शरीर से बहुत ज्यादा मात्रा में खून बह जाना ही मौत की असली वजह बना।



बड़े अनसुलझे सवाल

- कोई सामान्य इंसान अपने होश में इलेक्ट्रिक ग्राइंडर से खुद को इतनी बड़ी चोट कैसे पहुंचा सकता है?
- प्राइवेट पार्ट कटने के बाद इतनी असहनीय पीड़ा में भी कोई इंसान बिना चीखे सीढ़ियां चढ़कर छत तक कैसे पहुंच गया?
- चलने का तरीका असामान्य होने के अलावा उसके चेहरे पर दर्द के कोई एक्सप्रेशन क्यों नहीं दिख रहे थे?
- गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वह अचानक इतनी फुर्ती से उठकर बाउंड्री पर कैसे चढ़ गया?

सीसीटीवी फुटेज ने उड़ाए होश

पुलिस को आश्रम से जो सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, वे किसी का भी दिमाग सुन्न कर सकते हैं। फुटेज में दिख रहा है कि रसिक दुलारी शरण अपने कमरा नंबर 21 से बाहर निकलते हैं। उस समय वह एक खून से सनी धोती लपेटे हुए थे और दूसरी धोती से शरीर का अगला हिस्सा ढका हुआ था। वह पैर चौड़ाकर सीढ़ियों की तरफ बढ़ते हैं और छत पर पहुंच जाते हैं। छत पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज दृश्यों के मुताबिक, वह बाउंड्री पर बैठते हैं और फिर लेट जाते हैं।

खबर संक्षेप

बाढ़ के बीच शराब की बोतलें पकड़ने उमड़ी भीड़



कुरूद। महानदी में आई बाढ़ के बीच कुरूद क्षेत्र में एक अलग ही तस्वीर सामने आई, जहां तेज बहाव में बहकर आ रही शराब की बोतलों को पकड़ने के लिए लोगों की भीड़ नदी के पास पहुंच गई। पानी का बहाव बेहद तेज होने के बावजूद कुछ लोग रस्सी, बांस और जाल के सहारे बोतलें निकालने का प्रयास करते नजर आए। जानकारी के अनुसार नारी क्षेत्र स्थित देशी शराब दुकान बाढ़ के पानी की चपेट में आने के बाद वहां रखी शराब की कुछ बोतलें पानी में बह गईं। महानदी पर बने पुल के आसपास मौजूद लोगों की नजर जब पानी में तैरती बोतलों पर पड़ी तो उन्हें पकड़ने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी। वायरल वीडियो में कुछ लोग पुल से ही बांस और रस्सी के सहारे बोतलों को अपनी ओर खींचने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोगों ने पानी में जाल भी डाला। इस दौरान नदी में तेज बहाव बना हुआ था, जिससे जरा सी चूक गंभीर हादसे का कारण बन सकती थी। बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन लगातार लोगों से नदी, पुल, एनीकट और तेज बहाव वाले स्थानों से दूर रहने की अपील कर रहा है।

ड्रीम इंडिया नेशनल प्ले स्कूल का संचालक फरार

मुड़पार सरसीवां। मुड़पार में स्थित ड्रीम इंडिया नेशनल प्ले स्कूल के संचालक विवेक सिंह, निवासी ओडिसा के फरार होने की जानकारी मिली है। मिली जानकारी अनुसार स्कूल संचालक ने बिना पूर्व सूचना के 2026 सत्र के पूर्व ही ताले लगाकर रफू चक्कर हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा हासिल कराने निजी विद्यालय में ऊंची फीस देकर एडमिशन कराते हैं। इस स्कूल में प्रायमरी स्कूल के करीब 200 से ज्यादा छोटे बच्चे पढ़ाई करते थे इनके अचानक चले जाने से बच्चों व अभिभावकों को काफी असुविधा हो रही है। संचालक ने स्कूल भवन में संचालित भवन के किराए एवं विभिन्न कार्यों, दुकानों से खरीदी गई सामग्रियों के बकाये दिए बिना जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने आसपास क्षेत्रों में पतासाजी की गई लेकिन इनका पता नहीं चला।

ट्रक से बोलेरो टकराई युवक की मौत, दो घायल

फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर ग्राम मस्कुकोकोंडा पेट्रोल पंप के आगे पंचायत भवन के पास शनिवार रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। हादसा सड़क किनारे बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़े ट्रक से बोलेरो की टक्कर के कारण हुआ। पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर की रात करीब 10:20 बजे अजित मरकाम निवासी खजरावंड, शिवलाल मरकाम पिता सोनउ मरकाम निवासी तरईबेड़ा (28) और बोलेरो चालक सगराम मरकाम बोलेरो क्रमांक सीजी 18 के 2685 से फरसगांव से तरईबेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-30 पर खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनटी 9083 से बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो सवार शिवलाल मरकाम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अजित मरकाम और चालक सगराम मरकाम घायल हो गए। घटना के बाद मांझीआठगांव सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों की मदद से फरसगांव थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की।

नक्सलवाद के साये से निकलकर विकास की नई राह पर उत्तर बस्तर : मुख्यमंत्री साय

85 लाख के विकास कार्यों की सौगात, एकलव्य को पुस्तकालय के लिए मिले 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/अंतागढ़

- मुख्यमंत्री साय ने आत्मसमर्पित नक्सलियों खिलाड़ियों और प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कभी नक्सल हिंसा के कारण विकास की मुख्यधारा से प्रभावित रहे बस्तर में अब शांति के साथ विकास की नई तस्वीर उभर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम लामकन्हार में मन की बात सुनने के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उत्तर बस्तर के विकास को अब दोगुनी रफ्तार देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति स्थापित होने के बाद सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री लामकन्हार के एकलव्य विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मासिक रेडियो वार्ता मन की बात की 138 वीं कड़ी सुनने पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई है। शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 4 हजार से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। नियद नेल्ला नार सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक विकास की सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। बस्तर के ग्रामीणों को बेहतर सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिले। मुख्यमंत्री ने ग्राम लामकन्हार के लिए कुल 85 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। शीतला माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवन के लिए 37 लाख, छोटेपारा में सीसी सड़क के लिए 18 लाख तथा एकलव्य विद्यालय में पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला के लिए 15 लाख रुपए स्वीकृत किए जाने की घोषणा की गई।





मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यधारा में लौटे नक्सली नरसिंग नेताम, जुगनू कोवाची, पद्मा नेगी और कमला पद्दा को मुख्यमंत्री ने 70-70 हजार रुपए की स्टायपेंड राशि के चेक प्रदान किए। एकलव्य विद्यालय अंतागढ़ के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। छात्रा कृतिका टेकाम को ईएमआरएस बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मान मिला।

ताला जड़कर रखे गए हैं मवेशी, झांकने तक नहीं गए

कांजी हाउस में भूख से तड़प-तड़प कर दर्जनभर मवेशियों की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगाँव ब्लॉक के बघेरा गांव के कांजी हाउस में बीते शनिवार और रविवार को दर्जनभर मवेशियों की भूख में तड़प तड़पकर मौत हो गई है। मामले का पता ग्रामीणों को तब लगा जब कांजी हाउस के अंदर ताले में जड़कर रखे गए मृत मवेशियों के शव से बदबू उठने लगी। जहां इधर उधर मवेशियों के बिखरे शव पड़े हुए थे। जिसे देख ग्रामीण विचलित हो गए। इस लापरवाही के शिकायत सोमनी थाने में दर्ज कराई गई हैं और जिम्मेदारों के उपर एफआईआर दर्ज करने की मांग ग्रामीणों ने की है। पूर्व सरपंच राजेन्द्र यदु ने बताया कि, शनिवार को पांच और रविवार को छह मवेशियों की मौत भूख से हुई है। बघेरा के सरपंच, सचिव और ग्राम पटेल द्वारा कांजी हाउस की देखरेख की जा रही थी। इनके द्वारा ही गांव में मुनादी कर हर घर से महिने का दो सौ रूपए चंदा लिया जा रहा था। ताकि इस पैसे से मवेशियों के लिए चारा खरीदा जा सके। ग्रामीणों की माने तो इस पैसे का उपयोग चारे के लिए किया ही नही गया है। जिसके चलते आधा दर्जन मवेशियों ने भूख से दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इससे पहले भी मवेशियों की मौत हो गई है। जिसके शव को पहले ठिकाना लगाकर गांव के सुनसान जगह पर फेंक दिया गया। लेकिन अब जब कांजी हाउस के अंदर मवेशियों के शव की बदबू उठने लगी, जब मामला तूल पकड़ा और शनिवार को ही ग्रामीणों ने सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दो दिन में ग्यारह मवेशियों की मौत के बाद भी प्रशासन को कोई भी अधिकारी जांच करने नही पहुंचे है। ग्राम बघेरा में लावारिश पशुओं को तार घेरा कर रखा गया था, ताकि फसल को बचाया जा सके। इसके लिए गांव के लोगों से 200 रु. प्रति घर से लिया जाता है। जिसका संचालन ग्राम पटेल व ग्राम सचिव और सरपंच पति द्वारा किया जा रहा था। शिकायत में बताया गया है कि, दुर्जन लाल देवांगन ग्राम पटेल, सचिव राजकुमार देवांगन, सरपंच पति हरिश देशमुख के द्वारा संचालन किया जा रहा है। बताया गया कि, 26 सितंबर 2026 को लगभग पांच लावारिश पशुओं की मृत्यु उक्त व्यक्तियों की लापरवाही के बिना चारा पानी के मौत हो गई। गांव के पूर्व सरपंच राजेन्द्र यदु, गोपाल देवांगन, त्रिलोक साहू, चुम्मन साहू, राजेन्द्र देवांगन आदि ने उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत दोषी व्यक्तियों के विरुध्द कार्यवाही की मांग की है।

थाने में शिकायत

ग्रामीणों से चंदा लेकर मवेशियो को तड़पने के लिए छोड़ दिया गया और गांव में बने दो करोड़ के माडल गौठान में ताला लगाया गया है। चारा के अभाव में शनिवार और रविवार को 11 मवेशियों की मौत हो गई है। सोमनी थाने में शिकायत किए हैं, कलेक्टर और एसपी को भी ज्ञापन देगें।
-**राजेन्द्र यदु**, पूर्व सरपंच, ग्राम बघेरा

समिति की जिम्मेदारी

गांव में दो दिन के अंदर 11 मवेशियों की मौत हुई है। दो दिनों में मौत की सूचना पशु विभाग को दी गई। अफसर आए थे और पीएम कराया गया है। मवेशियों की सुरक्षा ग्राम विकास समिति की जिम्मेदारी थी।
-**हरिश देशमुख**, सरपंच पति

शिकायत मिली

बघेरा गांव के ग्रामीणों ने शिकायत की है। जिसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी जांच के लिए गए थे। फिलहाल पीएम कराया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।
-**एमन साहू, टीआई**, सोमनी थाना



छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का दसवां प्रांतीय सम्मेलन

भाषा, पुरखा-स्मृति, आंचलिक बोलियों और डिजिटल युग पर विचार- विमर्श



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का 10 वां प्रांतीय सम्मेलन 26 व 27 सितंबर को बेमेतरा स्थित होटल द किंग्स महल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य, लोक-अभिव्यक्ति, आंचलिक बोलियों, शब्दकोश निर्माण तथा बदलते डिजिटल परिवेश में क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन पर व्यापक अकादमिक एवं साहित्यिक विमर्श हुआ। जनकवि पद्मश्री पंडित मुकुटधर पांडेय और संत कबीर की भाषिक चेतना को समर्पित इस दो दिवसीय सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 500 से अधिक साहित्यकारों, भाषाविदों, कवियों और शोधार्थियों ने सहभागिता की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सम्मेलन को बेमेतरा जिले के लिए महत्वपूर्ण साहित्यिक एवं भाषाई आयोजन बताया। मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, डॉ. खूबचंद बघेल तथा पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए संसद में प्रयास जारी रखने की बात कही।

साहित्यिक संध्या और कवि सम्मेलन

सम्मेलन की साहित्यिक संध्या में प्रसिद्ध गीतकार एवं कवि मीर अली मीर ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन देर रात लगभग 2:00 बजे तक जारी रहा। सम्मेलन के आयोजन एवं व्यवस्थापन में आदर्श दुबे, सुनैना मार्को और पद्मलोचन शर्मा सहित स्थानीय आयोजन समिति संयोजक रामानंद त्रिपाठी एवं उनकी प्रबंधन टीम की भूमिका रही।

पुरखा के सुरता साहित्यिक विरासत का पुनर्पाठ

सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित 'पुरखा के सुरता' सत्र में छत्तीसगढ़ के प्रमुख साहित्यकारों और उनकी साहित्यिक-सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित चर्चा की अध्यक्षता वरिष्ठ भाषाविद् डॉ. चितरंजन कर ने की और संचालन राघवेंद्र दुबे ने किया। सत्र में अरुण कुमार निगम ने जनकवि कोदूराम 'दलित' के काव्य एवं जीवन-दर्शन, श्रीमती शशि दुबे ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की कृतियों तथा डॉ. परदेशी राम वर्मा एवं डूमन लाल ध्रुव ने राजगीत के रचयिता डॉ. नरेंद्र देव वर्मा पर एवं राज भाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र ने हरि ठाकुर के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए। छठवें सत्र में प्रादेशिक बोलियों एवं आंचलिक अभिव्यक्तियों पर विमर्श हुआ। में श्रीमती शकुंतला तरार ने सहभागिता की और हल्बी भाषा में वक्तव्य प्रस्तुत किया।

निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

टिकरापारा की प्रार्थना सभा को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टिकरापारा में रविवार को आयोजित प्रार्थना सभा को लेकर हिंदू जागरण मंच और फोरम से जुड़े लोगों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। मौके पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश देकर स्थिति शांत कराने का प्रयास किया। हिंदू जागरण मंच ने इसे पूर्व में हुई शांति समिति की बैठक में तय व्यवस्था से जोड़ते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और समयबद्ध कार्रवाई की मांग की है। मंच ने मौके पर पुलिस के पहुंचने के दौरान संबंधित व्यक्ति द्वारा कथित रूप से कही गई बातों की भी जांच की मांग की है। संगठन ने पुलिस कर्मचारियों के बयान, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल वीडियो सहित उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कराने की मांग रखी है। कथित इंस्टाग्राम खाते की गतिविधियों की साइबर जांच, संबंधित पोस्ट तथा खाते के वास्तविक संचालक की पहचान करने की मांग की गई है।



महापौर रामू रोहरा मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर समझाइश दी

घटना की सूचना पर महापौर रामू रोहरा मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर पीछे हटने की अपील की। हिंदू जागरण मंच और सर्व हिंदू समाज की ओर से दीपक ठाकुर, डागेश्वर साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। फोरम के जनरल सेकेटरी भी मौके पर पहुंचे। प्रशासन और पुलिस की ओर से एडिशनल एसपी शैलेन्द्र पांडे, एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर, टीआई राजेश जगत, एसडीएम पीयूष तिवारी और तहसीलदार कुसुम प्रधान सहित अधिकारी मौजूद रहे। हिंदू जागरण मंच ने कहा कि उसका उद्देश्य किसी व्यक्ति के वैधानिक धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करना नहीं है। संगठन ने सभी धार्मिक गतिविधियों को संविधान, लागू कानून और प्रशासनिक निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जाने की बात कहते हुए कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को बुलाया

हिंदू जागरण मंच के अनुसार धार्मिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को लेकर अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक हुई थी। बैठक में फोरम एवं हिंदू जागरण मंच सहित संबंधित पक्षों की मौजूदगी में प्रार्थना सभाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई थी। मंच का आरोप है कि इसके बावजूद 27 सितंबर को टिकरापारा में प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को बुलाया गया। इसी को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोग सभा स्थल के बाहर पहुंचे और नारेबाजी की।

सड़क दुर्घटना में पैर कटा, हाईकोर्ट ने 48 लाख मुआवजे का दिया आदेश

बिलासपुर। सड़क हादसे में जांघ से बायां पैर कटने से स्थायी रूप से दिव्यांग हुए महासमुंद जिले के सूरज अग्रवाल को हाईकोर्ट ने सात लाख 23 हजार 360 रुपए अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि 23 साल की उम्र और शारीरिक स्थिति को देखते हुए विवाह की संभावनाएं प्रभावित होने के लिए भी मुआवजा दिया जाना उचित है। इससे मुआवजा 41 लाख 12 हजार नौ रुपए से बढ़कर 48 लाख 35 हजार 369 रुपए हो गया। याचिकाकर्ता ने विकलांगता के चलते अपनी याचिका में शादी नहीं हो पाने का जिक्र किया था।

छुईपाली, थाना सरायपाली निवासी सूरज अग्रवाल एक जुलाई 2021 को सड़क हादसे में घायल हुए थे। इसके चलते उनका जांघ से बायां पैर काटना पड़ा। चिकित्सकीय मंडल ने 80 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित की थी, लेकिन डाक्टर के बयान के आधार पर दावा अधिकरण ने उनकी कमाई की क्षमता 100 प्रतिशत प्रभावित मानी थी। अधिकरण ने 20 नवंबर 2023 को 41.12 लाख रुपए मुआवजा दिया था। सूरज की ओर से अधिवक्ता समीर सिंह ने कहा कि हादसे के समय अकुशल मजदूर की न्यूनतम मजदूरी 9,200 रुपए थी, जबकि अधिकरण ने 7,800 रुपए मासिक आय मानी। साथ ही विवाह की संभावनाएं प्रभावित होने के लिए कोई राशि नहीं दी गई। बीमा कंपनी ने अधिकरण के मुआवजे को उचित बताया।

भारत निर्वाचन आयोग की अपील खारिज चुनावी सामग्री के भुगतान का मामला

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने चुनाव के दौरान टेंट, लाइट, माइक, जनरेटर सहित अन्य सामग्री की सप्लाई के बकाया भुगतान के मामले में कमर्शियल कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग की अपील खारिज कर दी। डिवीजन बेंच के जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू और जस्टिस सुषमा सावंत ने यह आदेश दिया। मामले के अनुसार, कोंडागांव जिला मुख्यालय में विधानसभा चुनाव 2013 के लिए मेसर्स नीलेश टेंट हाउस एंड लाइट डेकोरेशन, जगदलपुर को सामग्री सप्लाई का वर्क ऑर्डर दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव 2014 के लिए भी टेंट, लाइट, माइक और जनरेटर आदि की सप्लाई का काम दिया गया। फर्म ने दोनों कार्यों के लिए करीब 48.33 लाख और 71.15 लाख रुपए के बिल प्रस्तुत किए, लेकिन पूरी राशि का भुगतान नहीं हुआ।

भुगतान के लिए फर्म ने अधिकारियों से आग्रह किया और बाद में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 19 फरवरी 2016 को हाईकोर्ट ने बिलों का सत्यापन कर दावे पर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसके बाद 31 मार्च 2016 को अधिकारियों ने फर्म के बड़े दावे में से केवल 1,22,311.75 रुपए स्वीकार किए। इसके बाद फर्म ने बकाया राशि की वसूली के लिए सिविल केस दायर किया, जिसमें कमर्शियल कोर्ट ने 69,69,375 रुपए की मनी डिक्री पारित की थी। अपील में निर्वाचन आयोग की ओर से दावा किया गया कि फर्म का मुकदमा परिसीमा अवधि के बाद दायर हुआ है।

प्रभावी बहस नहीं की गई

हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के समक्ष इस मुद्दे पर प्रभावी बहस नहीं की गई थी, इसलिए अपील के स्तर पर इसे उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अपील खारिज करते हुए कोर्ट ने कमर्शियल कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया। निर्वाचन आयोग की ओर से अधिवक्ता राकेश कुमार झा, अधिकारियों की ओर से सुनीता मानिकपुरी और मेसर्स नीलेश टेंट हाउस एंड लाइट डेकोरेशन की ओर से मनीष निगम ने पैरवी की।

बांध से पानी छोड़ने का नजारा लेने उमड़ रहे पर्यटक

गंगरेल बांध में वाटर स्पोर्टस संचालन पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारी बारिश के बाद गंगरेल बांध का नजारा लेने बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचने लगे है। बांध में आवक के हिसाब से पानी छोड़ने की मात्रा कम या ज्यादा की जा रही है। इधर बांध में खतरे को देखते हुए सिंचाई विभाग ने वाटर स्पोर्टस के संचालन पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया है।

गंगरेल बांध में रविवार सुबह 8 बजे पानी की आवक 79116 क्यूसेक तथा 84891 क्यूसेक पानी का जावक दर्ज की गई। 10 बजे बांध में पानी की आवक घटकर 32000 क्यूसेक तथा 5 गेटो के माध्यम से 32000 क्यूसेक पानी की जावक हो रही थी। शाम 6 बजे बांध में पानी की आवक बढ़कर 42505 क्यूसेक हो गई जबकि पानी छोड़ने की मात्रा 15005 क्यूसेक कर दी गई। यह पानी तीन रेडियल गेट के अलावा पेन स्टाक और एचआर से छोड़ा जा रहा है। गंगरेल बांध का नजारा लेने भिलाई से पहुंचे सोनू उपप्पा एवं उनके साथियों ने बताया कि गेट खुलने के बाद बांध का नजारा खूबसूरत हो गया है। वहीं महानदी में छल छल बहते पानी रोमांचक करने वाली है। उन्होंने बताया कि पहली बार उन्हें गंगरेल बांध का व्यापक रुप देखने को मिला है।



जंगल में तब्दील हुआ गंगरेल का गार्डन

कभी गंगरेल पर्यटन का मुख्य केंद्र रहा बांध के उस छोर का गार्डन जंगल में तब्दील हो गया है। यहां पर डयूटी में तैनात सिंचाई विभाग की महिला कर्मचारी बताती है कि कुछ साल पहले गंगरेल पर्यटन के लिए आने वाले लोग पर्यटन विभाग की बस या पैदल दो किमी बांध के ऊपर चलकर, इस गार्डन पर पहुंचते थे। तब यहां गुलाब, गेंदा सहित विभिन्न प्रजातियों के फूलों का गार्डन लोगों को आकर्षित करते थे। सुरक्षा की दृष्टि से पर्यटकों के आवागमन पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है।

खबर संक्षेप

राम मंदिर चढ़ावा चोरी महिपाल खोलेंगे कई राज

अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 36,039 पन्नों के आरोप पत्र और 133 गवाहों की सूची



दाखिल होने के बाद अब गवाहों की गवाही मुकदमे की अहम कड़ी होगी। इनमें ट्रस्ट के पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिंह और महासचिव चंपत राय के बयान पर विशेष नजर रहेगी। सिंह ट्रस्ट के लेखा प्रभारी रहे थे। कई राज खुल सकते हैं।

एनटीए ऑफिस की सुरक्षा करेंगे सीआईएसएफ जवान

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा व्यवस्था और एनटीए की सुरक्षा को लेकर कई बदलाव



हुए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अपना कामकाज नए कार्यालय में शिफ्ट कर लिया है। अब नए ऑफिस के 'कॉन्फिडेंशियल एरिया' की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी जाएगी। यह फैसला पेपर लीक के बाद किया।

टीएमसी विधायक घोष पर फिर किया हमला

कोलकाता। टीएमसी के विधायक कुणाल घोष ने आरोप लगाया है कि



रविवार सुबह राजधानी कोलकाता के बेलियाघाटा में एक कार्यक्रम में जाते समय फिर से हमला किया गया। 24 घंटे के भीतर ही यह हमला हुआ है। घोष ने कहा कि 15-20 बाइक सवार लोगों का एक समूह उनके आवास से ही उनका पीछा कर रहा था। तभी हमला किया।

राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर रक्षा इकोसिस्टम को बताया देश की जरूरत

डिफेंस समिट 2026 में बोले रक्षा मंत्री-चिप से लेकर हथियार तक आत्मनिर्भरता है जरूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को घरेलू रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत और महत्वपूर्ण तकनीकों पर अधिक नियंत्रण हासिल करना होगा, जिससे तेजी से जटिल होते वैश्विक सुरक्षा माहौल में रणनीतिक स्वायत्तता हासिल की जा सके। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक निजी चैनल का के कार्यक्रम डिफेंस समिट 2026 को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने आज रविवार को कहा कि देश का दृष्टिकोण एक सरल सोच से निर्देशित है। भारत में जो भी चीज बनाई जा सकती है, उसका देश में ही उत्पादन किया जाए और आयात पर निर्भरता कम की जाए।

भारतीय युवा एआई, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा पर कार्यरत

भारत के युवा भविष्य के युद्धों के लिए तकनीक तैयार कर रहे हैं, आगे बढ़े हैं

रक्षा मंत्री के संबोधन की खास बातें

- भारत का दृष्टिकोण सरल जो कुछ देश में बनाया जा सके, उसका आयात न किया जाए
- स्वदेशी डिजाइन, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकास पर बल
- रक्षा आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम
- हाल के वर्षों में संरचनात्मक व परिवर्तनकारी सुधारों से क्षेत्र को मिली गति
- हम केवल वर्तमान जरूरतें नहीं, भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं
- जी से 5जी तकनीक की तरह युद्ध भी 5वीं पीढ़ी में प्रवेश कर चुका
- एआई, क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियां और साइबर सुरक्षा अब युद्ध का अभिन्न हिस्सा

स्वदेशी डिजाइन हो रही तैयार

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिजाइन, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकसित करने को आवश्यक बताया।उन्होंने कहा कि रक्षा आपूर्ति श्रृंखला के महत्वपूर्ण घटकों का निर्माण और उन पर नियंत्रण रखने की भारत की क्षमता राष्ट्रीय सुरक्षा

सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत किया

सिंह के अनुसार, दीर्घकालिक रक्षा तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों में महारत हासिल करना और पूरे विनिर्माण इकोसिस्टम में अधिक आत्मनिर्भरता जरूरी होगी। हाल के नीतिगत कदमों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करने के लिए संरचनात्मक और परिवर्तनकारी सुधार किए हैं, जिससे पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण गति मिली है। उन्होंने कहा, हम केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करने तक सीमित नहीं हैं, हम आत्मनिर्भर हैं और भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं। दूरसंचार क्षेत्र में 2जी से 5जी तकनीक तक के विकास की तुलना करते हुए सिंह ने कहा कि युद्ध भी पांचवीं पीढ़ी के चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां उन्नत तकनीक सैन्य क्षमताओं और युद्ध के परिणामों को तेजी से प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियां और साइबर सुरक्षा आधुनिक युद्ध का अभिन्न हिस्सा बनती जा रही हैं।

ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स तैयार कर रहे युवा

रक्षा मंत्री ने तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने में भारत के युवाओं की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा भारतीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा समाधान और स्वायत्त प्रणालियों पर काम कर रहे हैं और देश की भविष्य की रक्षा तैयारियों में योगदान दे रहे हैं।

धमकी के चलते एहतियात बरत रहा ब्रिटिश

ब्रिटेन में अमेरिकी बेस के नजदीक मिला विस्फोटकों का जखीरा, कई गांव खाली कराए

एजेंसी ▶▶ लंदन



ग्लॉस्टरशायर स्थित आरएएफ फेयरफोर्ड बेस के निकट कई गांवों को विस्फोटकों की आशंका के चलते खाली करा दिया गया है। यह बेस यूरोप में एकमात्र ऐसा ठिकाना है जहां अमेरिका अपने भारी बमवर्षक विमान तैनात रखता है। स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह निकासी ईरान की हालिया धमकी से जुड़ी है या नहीं, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर दिखा दिया कि दूसरे देशों के सैन्य टकराव की तैयारियां किस तरह स्थानीय नागरिकों के जीवन को प्रभावित करती हैं।

- बीते मार्च में यहां बी-1 लैंसर और बी-52 स्ट्रेटोफोर्ट्रेस सहित 21 बमवर्षक विमानों का जमावड़ा हुआ था

विदेशी सेनाओं की तैनाती ने बढ़ाई चुनौती

फेयरफोर्ड जैसे सैन्य ठिकानों की मौजूदगी जहां स्थानीय अर्थव्यवस्था को सहारा देती है, वहीं यह अंतरराष्ट्रीय तनाव के केंद्र में आने का जोखिम भी साथ लाती है। विदेशी सेनाओं को अपनी धरती पर ठिकाने देना ब्रिटेन के लिए संप्रभुता और सुरक्षा के बीच संतुलन साधने की चुनौती बन गया है। स्टारमर के यू-टर्न ने इस बहस को और तेज कर दिया है कि आखिर ब्रिटिश सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल कितना रक्षात्मक है और कितना आक्रामक। फिलहाल जांच जारी है और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। गांववासी सामान्य जनजीवन बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि यह पूरा प्रकरण एक बार फिर सैन्य गठबंधनों की जटिल और असहज हकीकत को उजागर करता है।

मजबूत होंगे भारत-कनाडा संबंध

जयशंकर-आनंद की मुलाकात पीएम मोदी भी कनाडा जाएंगे!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की अपनी समकक्ष अनीता आनंद के साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर सार्थक वार्ता करने के बाद कहा कि भारत और कनाडा अपने संबंधों को नयी ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आनंद से मुलाकात हमेशा सुखद रहती है और



संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी के बीच सार्थक चर्चा हुई। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि पीएम मोदी संभवतः दिसंबर के आसपास कनाडा का दौरा करेंगे। भारत के साथ व्यापार वार्ता में अच्छी प्रगति हो रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर 70 अरब कनाडाई डॉलर सालाना तक पहुंचाना है।

तेलंगाना में कांग्रेस को तगड़ा झटका

कई सीनियर नेताओं ने छोड़ दी पार्टी, केटीआर ने किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। पार्टी से जुड़े कई प्रमुख नेता रविवार को बीआरएस में शामिल हो गए। यह कार्यक्रम रंगारेड्डी जिले के बीआरएस कार्यालय में हुआ, जहां पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने नए नेताओं का स्वागत किया। राजेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी पटलोला कार्तिक रेड्डी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में केटीआर ने नेताओं को गुलाबी गमछा पहनाकर



पार्टी में शामिल कराया। बीआरएस में शामिल होने वालों में पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बी. साई रेड्डी, पूर्व एमपीटीसी सदस्य व मार्केट कमेटी निदेशक बी. राजू, पूर्व मणिकोंडा सरपंच यालाला नरेश, पूर्व पुप्पलगुडा एमपीटीसी सदस्य पापालाल सिंह समेत कई नेता शामिल रहे।

भगवद्गीता पाठ में सुवेंदु की दो टूक

साधुओं का अपमान किया तो भेजेंगे जेल, गाय की रक्षा होगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को लेकर अपनी सरकार की प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने लोगों से बिना डर भगवद्गीता का पाठ करने की अपील की और कहा कि राज्य में अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। सुवेंदु ने कहा कि बंगाल में किसी साधु या संत का अपमान



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो लोग साधुओं का अपमान करेंगे, उनके खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में धार्मिक बयानों और संतों को लेकर राजनीतिक विवाद भी सामने आते रहे हैं। अपनी सरकार को 'टीका', 'शिखा', 'धोती' और 'तुलसी' से जोड़ते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य 'गोमाता' की रक्षा करना है।

दो करोड़ रिश्वत लेते एसओजी के एएसपी का दलाल गिरफ्तार

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप के एडिशनल एसपी मुकेश कुमार सोनी के नाम पर 2 करोड़ रुपये की रिश्वत लेते एक दलाल को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने दलाल सज्जन कुमार को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। मामले में रिश्वत की यह बड़ी रकम एक मुकदमे में मदद करने के एवज में मांगे जाने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, एसीबी ने दलाल सज्जन कुमार को दो करोड़ रुपये कैश लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।



चिंतन

शांति की चाह, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं

भारत हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है। उसकी विदेश नीति की महत्वपूर्ण विशेषता यही रही है कि वह शांति और स्थिरता को महत्व देता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा को उसकी कीमत नहीं बनने देता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में इसी संतुलन को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है। किसी दूसरे देश की जमीन पर कब्जा करने की इच्छा नहीं रखता, लेकिन अपनी सुरक्षा से समझौता कभी नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि यदि पड़ोसी देश आतंकवाद को बढ़ावा देता रहेगा तो आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के सभी विकल्प खुले रहेंगे। दरअसल, भारत के सामने चुनौती केवल सीमा की सुरक्षा की नहीं, बल्कि आतंकवाद के उस पूरे तंत्र से निपटने की है जो हिंसा को जन्म देता है। आतंकवाद की फंडिंग, हथियारों की आपूर्ति, कट्टरपंथ, भर्ती और सुरक्षित ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। केवल किसी आतंकी हमले के बाद प्रतिक्रिया देना पर्याप्त नहीं हो सकता। स्थायी शांति के लिए उन परिस्थितियों को भी रोकना होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देती हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' की 138वीं कड़ी में आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लेख किया। उन्होंने 28-29 सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक के दस वर्ष पूरे होने के संदर्भ में कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर तक भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति का स्पष्ट संदेश दिया है। मजबूत सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य युद्ध को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, नागरिकों और सीमाओं की रक्षा करना है। जब सीमा पार से हिंसा और आतंकवाद का खतरा बढ़ता है तो बातचीत की प्रक्रिया भी प्रभावित होती है। ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि वह अपनी सुरक्षा को मजबूत रखने के साथ-साथ कूटनीतिक स्तर पर भी संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के रास्ते खुले रखे। आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकती है। इसे भी ध्यान रखना होगा। आज की सुरक्षा चुनौतियां भी बदल चुकी हैं। युद्ध केवल सीमा पर आमने-सामने की लड़ाई तक सीमित नहीं है। साइबर हमले, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सूचना युद्ध और अन्य गैर-पारंपरिक माध्यम सुरक्षा के नए आयाम बन चुके हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सैन्य क्षमता के साथ तकनीकी और साइबर क्षमता बढ़ाना भी जरूरी है। रक्षा मंत्री ने बदलते युद्ध के स्वरूप और आधुनिक तकनीक के अनुरूप रक्षा तैयारियों की जरूरत पर जोर दिया है। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसके वित्तीय नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों को रोकने के लिए देशों के बीच सूचना साझा करना और सहयोग बढ़ाना जरूरी है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शांति को कमजोरी समझने की भूल न हो और सुरक्षा को केवल सैन्य शक्ति तक सीमित न किया जाए। भारत का हित एक ऐसे वातावरण में है जहां सीमाएं सुरक्षित हों, आतंकवाद पर प्रभावी रोक हो, पड़ोसी देशों के साथ तनाव कम हो और विकास की प्रक्रिया बिना बाधा आगे बढ़े। इसलिए शांति की चाह बनी रहनी चाहिए, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। संवाद के रास्ते खुले रहें, कूटनीतिक प्रयास जारी रहें और क्षेत्रीय शांति की कोशिश होती रहे, लेकिन देश की सुरक्षा, संप्रभुता और नागरिकों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे।



पुण्य स्मरण

नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री

लोक कल्याण के लिए समर्पित 'युगपुरुष'

हम स्वर्गीय अशोक सिंघल का जन्म-शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। यह एक महान विभूति के सम्मान का सुअवसर है। सिंघल जी ने अपने जीवन में हर क्षण इस महान राष्ट्र के उत्कर्ष का ही स्वप्न देखा था। उनके आदर्शों से आज भी हमें ये प्रेरणा मिलती है। उनकी जन्मशती के इस पावन अवसर पर हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक युवा उनके विराट व्यक्तित्व और महानता से परिचित हों। आइए, हम अपने राष्ट्र और देशवासियों के लिए सिंघल जी के सपनों को साकार करने के संकल्प को एक बार फिर दोहराएं।

एक बहुत सुंदर सुभाषित है- वृक्ष कबहुं नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर। परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर।- इसका मतलब है कि पेड़ कभी अपने फल स्वयं नहीं खाता, नदी अपना जल अपने पास नहीं रखती। इसी तरह, संत स्वभाव के लोग भी स्वयं को प्राथमिकता न देते हुए, सदैव दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर देते हैं। सदियों से हमारे ऋषियों ने हमें यही सिखाया है कि मानवता के कल्याण के लिए समर्पित जीवन का महत्व व्यक्तिगत उपलब्धियों से कहीं अधिक होता है। श्रद्धेय अशोक सिंघल का जीवन इस भावना का पुण्य उदाहरण है। हम स्वर्गीय सिंघल जी का जन्म-शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। यह एक महान विभूति के सम्मान का सुअवसर है। उन्होंने आध्यात्मिक साधना, सांस्कृतिक जागरण और दशकों तक समर्पित भाव से समाज एवं संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया। मैंने उन्हें कई दशकों तक दिन-रात काम करते देखा। वे देश के दूर-दराज के क्षेत्रों की लंबी और कई बार कठिन यात्राएं किया करते थे। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में जाना उन्हें विशेष रूप से प्रिय था।

वे लगातार इस पर चिंतन करते थे कि समाज के वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए और क्या किया जा सकता है। जब भी देश में कहीं प्राकृतिक आपदा आती, तो सिंघल जी सबसे पहले वहां पहुंचने वालों में होते या फिर प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते। 2001 में कच्छ में आए भूकंप के बाद उनके साथ का मेरा अनुभव अविस्मरणीय बन गया। अशोक जी अत्यंत प्रतिष्ठित और संपन्न परिवार से थे। लेकिन, शुरू से ही अशोक जी का झुकाव बिल्कुल अलग दिशा में था। प्रयागराज में पले-बढ़े अशोक जी कई घंटे संगम के तट पर बैठा करते थे। इससे भारत के सांस्कृतिक लोकाचार की उनकी समझ और समृद्ध हुई। समाज के लिए कुछ करने का उनका संकल्प भी और दृढ़ हुआ। दूसरों के लिए जीने की यही ललक उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में ले आई। उनको जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे उन्होंने पूरे उत्साह, अनुशासन और कर्तव्यभाव से निभाया।

सिंघल जी ने अपने निरंतर प्रयास और अथक परिश्रम से अनेक संस्थाओं और आंदोलनों को मजबूत किया। अपनी ओजस्वी वाणी और अभिव्यक्ति की अद्भुत शैली से वे पूरी सभा को मंत्रमुग्ध कर देते थे। अपने साथी कार्यकर्ताओं के प्रति वे अत्यधिक स्नेह रखते थे। जो भी उनके संपर्क में आता, वह उनकी सादगी से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। संत समाज के साथ उनके संबंध बहुत प्रगाढ़ थे। देशभर के साधु-संतों के बीच भी उनका काफी सम्मान था। संतगण उनके परामर्श को महत्व देते थे और उनकी बातों को पूरे आदरभाव से सुनते थे। मेरी स्मृति में ऐसी दो घटनाएं उभर रही हैं, जिनसे सिंघल जी के विराट व्यक्तित्व को समझा जा सकता है। पहली घटना 1993 की है। विश्व हिंदू परिषद ने स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो संबोधन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अमेरिका में एक सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश में ऐसे भव्य सम्मेलन का विजन, उसकी प्लानिंग और विभिन्न समूहों को एक मंच पर लाने का भगीरथ प्रयास अशोक जी के अद्वितीय संगठनात्मक कौशल का परिचायक था। दूसरी घटना



वर्ष 2000 की है, जब त्रिनिदाद और टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ था। उस समय मैं भी वहीं था। मैंने प्रत्यक्ष देखा कि सिंघल जी की उपस्थिति ने अन्य प्रतिनिधियों में कितना उत्साह भर दिया था। मेरे संबोधन के बाद उन्होंने जिस तरह मेरी सराहना की, वो मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव था।

मैंने एक बार फिर अनुभव किया कि उनका प्रोत्साहन किस तरह हर कार्यकर्ता को नई ऊर्जा से भर देता था। राम जन्मभूमि आंदोलन में सिंघल जी की ऐतिहासिक भूमिका का स्मरण किए बिना उनका कोई भी उल्लेख अधूरा है। वर्ष 1991 की बोट क्लब रैली में दिए गए उनके ओजस्वी संबोधन को कौन भूल सकता है? या आंदोलन के चरम पर लहूलुहान और घायल अवस्था में अशोक जी की वह ऐतिहासिक तस्वीर भला किसकी स्मृति से मिट सकती है? आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर है, तो इसके पीछे अशोक जी जैसी विभूतियों का निस्वार्थ समर्पण है, जिन्होंने इसे संभव बनाने के प्रयास में स्वयं को पूरी तरह खपा दिया। आज यदि अशोक जी हमारे बीच होते तो अयोध्या में राम मंदिर को देखकर वो सबसे अधिक भावुक एवं प्रसन्न होते। सिंघल जी के विचार बहुत सुलझे हुए थे। वे स्पष्ट रूप से मानते थे कि समाज में समरसता के साथ ही भाईचारे का संदेश मजबूत होना चाहिए। उन्होंने सामाजिक एकता और समानता के लिए निरंतर कार्य किया। उनका साफ मत था कि समाज में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति समान गरिमा व सम्मान का अधिकारी है। यही वजह थी कि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर की पहली ईंट रखने को लेकर अपने विचार को स्पष्ट रूप से रखा।

उन्होंने ही कहा था कि यह पुनीत कार्य बिहार के वीएचपी कार्यकर्ता और वंचित वर्ग से आने वाले कामेश्वर चौपाल के हाथों से हो। काशी में एक धर्म संसद के दौरान उन्होंने डोम राजा को सम्मानित करने का फैसला किया और कई सामुदायिक अभियानों में उनके साथ मिलकर काम किया। राष्ट्र-निर्माण के साथ ही सिंघल जी के दो ऐसे प्रिय क्षेत्र थे, जो उनके हृदय के अत्यंत निकट थे। शिक्षा (विशेषकर वैदिक शिक्षा) और संगीत, इन दोनों से उनका गहरा लगाव था। वाराणसी के सांसद के रूप में मुझे इस बात पर अत्यंत गर्व की अनुभूति होती है कि जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, उस शाश्वत काशी ने सिंघल जी के जीवन में एक अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने बीएचयू से शिक्षा प्राप्त की थी और वे एक मेधावी छात्र के रूप में जाने जाते थे। वे एकल विद्यालय की पहल से भी गहराई से जुड़े थे, जिसने दूर-दराज के गांवों, खासकर जनजातीय समुदायों तक बुनियादी शिक्षा पहुंचाने का कार्य किया। वे जितने गहरे अध्येता और उत्साही पाठक थे, उतने ही अच्छे श्रोता भी थे। वे युवा कार्यकर्ताओं को सदैव पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते थे। अशोक जी को निकट से जानने वालों को पता है कि वे कितना सुंदर गाते थे। मुझे नागपुर की उन बैठकों की याद आती है, जिसमें वे एकल गीत गाया करते थे। उनका गायन सभी को मंत्रमुग्ध कर देता था और पूरी बैठक में नई ऊर्जा भर जाती थी।

वर्ष 2015 में उनके 90वें जन्मदिवस समारोह का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने 'हे मातृभूमि मेरी, हे पितृभूमि मेरी' गाकर सभी को चौंका दिया था। सिंघल जी ने अपने जीवन में हर क्षण इस महान राष्ट्र के उत्कर्ष का ही स्वप्न देखा था। उनके आदर्शों से आज भी हमें ये प्रेरणा मिलती है। उनकी जन्मशती के इस पावन अवसर पर हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक युवा उनके विराट व्यक्तित्व और महानता से परिचित हों। आइए, हम अपने राष्ट्र और देशवासियों के लिए सिंघल जी के सपनों को साकार करने के संकल्प को एक बार फिर दोहराएं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

राज कुमार सिन्हा



चुनाव आयोग में विवाद से मतदाताओं में टूटता भरोसा


भारतीय चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद को लेकर आई एक रिपोर्ट के बाद देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों चुनाव आयुक्तों ने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने और बहाल करने, फार्म-6 में बदलाव और मतदाता डेटा के प्रबंधन जैसे मामलों पर सवाल उठाए हैं। दोनों आयुक्तों ने मतदाता डेटा और चुनावी सॉफ्टवेयर के केंद्रीकरण को लेकर भी चिंता जताई थी। सीमा खन्ना चुनाव आयोग में आईटी और डिजिटल सिस्टम की प्रमुख अधिकारी हैं। चुनाव आयोग में विवाद ईसीआईनेट और ईआरओनेट के जरिए मतदाता सूची के प्रबंधन को लेकर है। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने सवाल उठाया है कि सीमा खन्ना के नेतृत्व वाले आईटी विभाग ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले इलेक्ट्रॉल रजिस्ट्रेशन आफिसर्स (ईआरओएस) की पहुंच और उनके वैधानिक अधिकारों को सीमित कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गोवा में 97 मतदाताओं के मामलों की स्थानीय ईआरओ स्तर पर जांच हुई और उन्हें मतदाता सूची में शामिल किए जाने के योग्य पाया गया। लेकिन संबंधित नामों को अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने में सॉफ्टवेयर और डेटाबेस एक्सेस से जुड़ी समस्या सामने आई। ईआरओ इसे मतदाता सूची सिस्टम में डाल ही नहीं पा रहे थे। गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर ने इस समस्या के समाधान और रोलबैक फैसलिटी उपलब्ध कराने के लिए चुनाव आयोग को आठ बार ईमेल भेजा था। परन्तु केन्द्रीय चुनाव आयोग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस मामले में दोनों चुनाव आयुक्तों ने कैबिनेट सेक्रेटरी को भी पत्र लिखा था। हाल के दिनों में निर्वाचन आयोग को लेकर दो स्तरों पर बहस तेज हुई है। पहला सवाल आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर और दूसरा मतदाता सूचियों के एसआईआर को लेकर है। इसके साथ ही आयोग के भीतर निर्णयों पर मतभेद की खबरों ने भी संस्था की आंतरिक कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर चर्चा को बढ़ाया है। भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो संविधान के अनुच्छेद 324, वैधानिक नियमों और स्थापित संस्थागत परंपराओं के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। जो एक बहुसदस्यीय संवैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता है। चुनाव कराने वाली संस्था पर उठते सवाल के कारण उसकी विश्वसनीयता कमजोर हुई है। लोकतंत्र में चुनाव केवल मतपत्र या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं है। चुनाव की पूरी व्यवस्था पर नागरिकों का भरोसा लोकतंत्र की वास्तविक ताकत है। दो चुनाव आयुक्तों द्वारा उनकी जानकारी के बिना लिए गए विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर संबंधी निर्णयों पर कई आपत्तियां दर्ज कराई थी। विगत कई वर्षों तक मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद द्वारा कोई अलग कानून नहीं बनाया था। मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामले में कहा था कि जब तक संसद इस विषय में कानून नहीं बनाती, तब तक नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सलाह पर होनी चाहिए। न्यायालय ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए महत्वपूर्ण माना था। इसके बाद संसद ने 2023 में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल से संबंधित कानून बनाया। इस कानून में चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया। लोकतंत्र में चुनाव कराने वाली संस्था की निष्पक्षता का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की राजनीतिक वैधता दांव पर होती है। यदि किसी चुनाव प्रक्रिया पर समाज के एक बड़े हिस्से का भरोसा कमजोर पड़ता है, तो चुनाव परिणाम संवैधानिक रूप से वैध होने के बावजूद उनकी सार्वजनिक स्वीकार्यता पर बहस शुरू हो सकती है। इसलिए निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता किसी एक दल की सुविधा या किसी दूसरे दल की शिकायत का विषय नहीं होना चाहिए। यह प्रत्येक मतदाता का प्रश्न है, क्योंकि लोकतंत्र की विश्वसनीयता केवल इस बात से तय नहीं होती कि चुनाव समय पर हुआ या परिणाम घोषित हो गया। उसकी बुनियाद इस विश्वास पर टिकी होती है कि हर पात्र नागरिक का वोट दर्ज हो, हर वोट का समान मूल्य हो और चुनाव कराने वाली संस्था किसी राजनीतिक सत्ता से ऊपर संविधान के प्रति जवाबदेह हो। यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकलित

दर्शन

प्रेम क्या है?



प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं – यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

संकलित

प्रेरणा

लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

मतदाता सूचियों में काट छांट कितनी जायज?

विपक्ष और केंद्र सरकार के विरोधी राजनीतिक दल एक बार फिर से एसआईआर के विरोध में उतर आए हैं। कांग्रेस के मुखिया राहुल गांधी भी इस मुद्दे पर हो हल्ला कर रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी से सवाल है कि जब से देश आजाद हुआ है, तब से अब तक लगभग 70 वर्षों तक कांग्रेस जो जीतती आई है, क्या वो भी चुनाव आयोग की मिलीभगत से हुआ है? दूसरी चीज अगर किसी का नाम मतदाता सूची में गलत है या किसी के पिता या पति का नाम मिसमैच है, अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है लेकिन फिर भी उसका नाम मतदाता सूची में है, या कोई कहीं शिफ्ट हो गया है तो क्या ऐसी स्थिति में सुधार नहीं होना चाहिए? हालांकि चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना है कि किसी के नाम गलत ढंग से न कटें। - *शंकर चंद्राकर, मुंगेली*

ट्रेंड

'मैच-फिक्सिंग'



सबसे पहले, ज्ञानेश कुमार - जो उस समय एक कार्यरत आईएएस अधिकारी थे - का इस्तेमाल बीजेपी के लिए लोगों को भर्ती करने में किया गया। फिर मोदी और शाह ने उन्हें अंपायर बनाया और भारत के चुनावों में 'मैच-फिक्सिंग' करने की जिम्मेदारी उन्हें सौंप दी।

-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

गर्व का पल



एथलेटिक्स में भारत के लिए एक और गर्व का पल! एशियाई खेल 2026 में महिलाओं की लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल जीतने पर एंसी सोजन एडप्पिली और पुरुषों की डेकाथलॉन में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने पर तेजस्विन शंकर को बधाई।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

लास्ट-माइल कनेक्टिविटी



DEVI बसों के जरिए, दिल्ली पब्लिक ट्रांसपोर्ट को उन इलाकों तक पहुंचा रही है जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, और 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' को आसान, साफ सुथरा और ज्यादा सुलभ बना रही है। बेहतर कनेक्टिविटी वाली दिल्ली का संकल्प।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग



पहले जब भी संवैधानिक संस्थाओं में कोई समस्या आती थी, तो सभी राजनीतिक दल उन्हें सुलझाने के लिए एक सुर में बात करते थे। पहली बार ऐसी स्थिति देख रहे है जहां दो चुनाव आयुक्त खुद ही आयोग के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

श्रीलंका पुलिस ने जाफना में लिट्टे नेता की प्रतिमा हटाई



श्रीलंका पुलिस ने रविवार को जाफना के नल्लूर में प्रतिबंधित संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता रासैया पार्थिपन उर्फ थिलीपन की प्रतिमा हटा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता एफ. टी. वूटलर ने बताया कि शिकायत मिली थी कि लिट्टे से जुड़े एक व्यक्ति की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके बाद कांस्य की प्रतिमा हटा दी गई। लिट्टे भारत समेत कई देशों में भी प्रतिबंधित है। थिलीपन के नाम से जाने जाने वाले पार्थिपन को तमिल प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वह श्रीलंका के उत्तर और पूर्व में अलगाववादी संघर्ष के दौरान लिट्टे के प्रमुख राजनीतिक नेताओं में से एक थे। दस दिन तक अनशन करने के बाद 26 सितंबर, 1987 को उनकी मौत हो गई थी।जाफना के नल्लूर में 18 सितंबर से उनकी याद में एक समारोह शुरू हुआ था। इससे पहले, कार्यक्रम स्थल पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पुलिस की रोक के खिलाफ समारोह में शामिल लोगों ने प्रदर्शन किया था। थिलीपन की मूल प्रतिमा को अतीत में कई बार नुकसान पहुंचाया गया था और इसके लिए सरकारी सैनिकों को जिम्मेदार ठहराया गया था। श्रीलंका ने पहली बार 1998 में लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था।

ऑफ बीट

बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण




यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



जिंदगी और सिनेमा के अनुभवों को किताब में पिरोएंगे

मुंबई। चर्चित अभिनेता संजय मिश्रा ने अपनी अदाकारी से दर्शकों के बीच अच्छी जगह बनाई है। सपोर्टिंग भूमिकाओं के जरिए भी उन्होंने खूब नाम कमाया है। हाल ही में उन्हें 'भक्षक' में अपने किरदार के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बीच अभिनेता ने अपनी किताब का ऐलान किया है। अभिनेता संजय ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी किताब को लेकर जानकारी दी है। यह दरअसल, अभिनेता की आत्मकथा होगी। इस आगामी ऑटोबायोग्राफी में वे अपनी जिंदगी और कॅरियर से जुड़ी अनकही कहानियों, संघर्षों, अनुभवों और सीखों को साझा करेंगे। किताब का नाम 'हम सीखते-सीखते रह गए' है।

लाइफ Style

कृति

महिलाओं की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को बेटी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस खास दिन पर बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं पर बात की है।

एक्ट्रेस ने समाज से उन रोजमर्रा की सावधानियों पर सोचने को कहा है, जो महिलाओं को सिर्फ सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षित महसूस करने के लिए बरतनी पड़ती हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस 'बेटी दिवस' पर जरा सोचिए कि आपकी बेटी आपको फोन करके कहे कि मुझे लग रहा है कुछ आदमी मेरा पीछा कर रहे हैं। सोचिए कि वह रात में अकेले घर जा रही है और बार-बार पीछे मुड़कर देख रही है। सोचिए कि घर पहुंचने से पहले ही उसका फोन बंद हो जाता है। अब एक पल रुक कर इस बारे में सोचिए।' कृति ने आगे बताया कि सुरक्षा के लिए महिलाएं रोजमर्रा की जिंदगी में कितनी चीजें करने को मजबूर हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'लाइव लोकेशन शेयर करने से लेकर, पेपर स्प्रे रखने तक, पैदल जाने के बजाय कैब बुक या सुरक्षित महसूस करने के लिए किसी को फोन करने तक। हमने उसकी जिंदगी को ऐसा बना दिया है कि ये सब उसकी रोजमर्रा की आदत का हिस्सा बन गया है।' एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'जिस दिन कोई बेटी रात में अकेले घर जा सके, अंधेरा होने के बाद पार्क में बैठ सके, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सके, बिना डरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर सके या बिना हमले के डर के किसी सार्वजनिक जगह पर रह सके।



हॉलीवुड मसाला



फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में


दो बड़ी एंट्री

लॉस एंजिल्स। सोनी पिक्चर्स की अपकमिंग फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में अब 'द सब्सटेंस' स्टार मार्गरेट क्वाली और ग्रैमी विजेता सबरीना कारपेंटर की भी एंट्री हो गई है। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। फिल्म में टॉम हॉलैंड फ्रेड एस्टेयर का किरदार निभाएंगे। वहीं, मार्गरेट क्वाली उनकी बहन और शुरुआती डांस पार्टनर एडेल एस्टेयर की भूमिका में नजर आएंगी। सबरीना कारपेंटर फिल्म में फ्रेड एस्टेयर की मशहूर ऑन-स्क्रीन डांस पार्टनर जिंजर रोजर्स का किरदार निभाएंगी।



अवेंजर्स एंडगेम एनकोर का धमाका

मुंबई। मार्वल की फिल्म 'अवेंजर्स एंडगेम' 7 साल बाद फिर से 'अवेंजर्स एंडगेम एनकोर' नाम से सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने री-रिलीज होने के बाद एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका कर दिया है। फैंस में इसका जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन जहां इसने 7.25 करोड़ का कलेक्शन किया था, वहीं, दूसरे दूसरे दिन इसने 5.92 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने दो दिनों में कुल 13.17 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं, 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए कुछ दिनों में दो महीने हो जाएंगे और फिल्म अब भी शानदार कमाई कर रही है। 'मिर्जापुर द मूवी' की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' को रिलीज हुए 23 दिन हो गए हैं। अब इसकी कमाई धीमी होती नजर आ रही है।



नए पोस्टर में दिखी राम-सीता

लक्ष्मण की झलक

मुंबई। 'रामायण' के मेकर्स ने फिल्म के दो पोस्टर जारी किए हैं। एक में राम, सीता और लक्ष्मण नजर आए हैं। दूसरे में रावण दिख रहे हैं। पोस्टर काफी खास हैं। हैं। राम के रूप में रणबीर कपूर बेहद शांत, संयमित और साहसी नजर आ रहे हैं। उनके व्यक्तित्व में सहज गरिमा और राजसी आभा दिखाई देती है। वहीं, सीता के रूप में साई पल्लवी अपनी गरिमा, मासूमियत, भक्ति, धैर्य और निडरता से प्रभावित करती हैं। लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे निष्ठा, प्रेम और अपने भाई के प्रति समर्पण भाव लिए नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने इस फिल्म का एक दूसरा पोस्टर भी रिलीज किया है। इस पोस्टर में रावण के रूप यश को दिखाया गया है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि रावण के रूप में यश अपनी लंका में खड़े हैं। मुकुट पहने यश काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वानर सेना के चश्मा पहनने पर उड़ा मजाक

नई दिल्ली। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के एक प्रमोशनल पोस्टर ने ऑनलाइन खूब चर्चा छेड़ दी है। दर्शकों ने सुग्रीव को चश्मा पहने देखा, जिसके बाद त्रेता युग में वानर सेना के इस लुक को लेकर मजाक बनने लगे और फिल्म के प्रोडक्शन की क्वालिटी पर भी सवाल उठने लगे। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के थिएटर में रिलीज होने के बाद इसने लोगों का काफी ध्यान खींचा है। फिल्म के प्रोडक्शन और विजुअल इफेक्ट्स पर दर्शक चर्चा कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज एक प्रमोशनल पोस्टर को लेकर यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि, बारीकी से देखने वाले दर्शकों की नजर एक वानर सेना के किरदार पर पड़ी, जिसने आधुनिक चश्मा पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के प्रमोशनल पोस्टर वायरल हो रहे हैं।

टीवी मसाला



केबीसी 18 : 'हमारे घर आता तो उसको गोली मार देते'

नई दिल्ली। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के हालिया एपिसोड में एक्टर राजकुमार राव और वामिका गब्बी के साथ पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम भी नजर आए। दरअसल, यह सभी अपनी आने वाली फिल्म 'प्रहार- द अनटोल्ड स्टोरी' को प्रमोट करने आए थे, जो उज्ज्वल की ही बायोपिक है। शो में अमिताभ बच्चन से बात करते हुए उज्ज्वल निकम ने दावा करते हुए बताया कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले केस की सुनवाई के दौरान अजमल कसाब ने उनसे कहा था कि वो मुंबई में अमिताभ बच्चन से मिलने आया था। उज्ज्वल निकम की यह बात सुनकर शो के होस्ट बिग बी चौंक गए। शो के दौरान अमिताभ बच्चन ने 26/11 केस को लेकर उज्ज्वल निकम से काफी सारे सवाल किए। अभिनेता ने पूछा कि कसाब को फांसी देने में चार साल का वक्त क्यों लगा। उसे तो वहीं गाड़ देना चाहिए था, इसमें इतना टाइम क्यों लगा। इस पर उज्ज्वल ने कोर्ट के नियमों और कानूनी प्रक्रिया के बारे में बताया। निकम ने आगे बताया कि कसाब ने कथित तौर पर उनसे कहा था कि वह अमिताभ बच्चन से मिलने मुंबई आया था। निकम ने कहा, 'आपको ताज्जुब होगा जो उसने आगे कहा था कि मैं तो अमिताभ जी को देखने आया था। ये सच में हुआ है।' निकम की बात सुनकर अमिताभ बच्चन चौंक गए। बिग बी ने कहा, 'नहीं नहीं सर, अगर वो आया होता, तो हमारे घर से जाने वाला नहीं था। वहीं, हम गोली मार देते उसे।' फिर निकम ने आगे ट्रायल में देरी का कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि कानून किसी आरोपी को तब तक बेगुनाह मानता है, जब तक वह दोषी साबित न हो जाए और उन्हें अपना बचाव करने का अधिकार देता है।

स्वरा -शहजाद में जमकर जुबानी जंग

नई दिल्ली। क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग द्वारा होस्टेड रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' को शुरू हुए अभी एक दिन ही हुआ है और कंटेस्टेंट्स के बीच झगड़े अभी से शुरू हो गए हैं। हाल ही में शो का एक वीडियो सामने आया, जिसमें स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला आपस में जुबानी जंग करते हुए नजर आए। सिर्फ इतना ही नहीं, बातों ही बातों में उन्होंने स्वरा के पति फहाद का भी जिक्र किया और उन पर तंज कसा। शो का एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें होस्ट वीरेंद्र सहवाग कंटेस्टेंट शहजाद से कहते हैं कि सोशल मीडिया पर तो आपने बहुत बातें की हैं। अब वो (स्वरा) जब अंदर आई हैं, तो आपने बात ही नहीं की। आवाज बैठ गई है क्या। इस पर शहजाद ने कहा, 'मेरा स्वर दबाने वाला अभी तक कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ।'



द पैराडाइस ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रचा इतिहास

नानी की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द पैराडाइज' ने 24 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। पहले दिन धांसू ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे दिन आधी से भी कम कमाई की थी, लेकिन तीसरे दिन इसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की है।

नई दिल्ली। सैकनिल्क के मुताबिक, 24 सितंबर को रिलीज हुई 'द पैराडाइज' ने एक दिन पहले यानी 23 सितंबर को पेड़ प्रीव्यू में 11.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसके बाद पहले दिन 34.65 करोड़ रुपए की धांसू ओपनिंग की। हालांकि, दूसरे दिन यानी शुक्रवार को इसकी कमाई में गिरावट आई, लेकिन शनिवार को फिल्म ने 15.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस कमाई के साथ यह फिल्म नानी के कॅरियर की कमर्शियली सबसे सफल बन गई है। फिल्म ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करते हुए 117.75 करोड़ रुपए का रिकॉर्डतोड़ कलेक्शन किया है। जिसमें 27.25 करोड़ रुपए का टोटल ओवरसीज कलेक्शन शामिल है। घरेलू बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म ने तीसरे दिन की कमाई के साथ 76.40 करोड़ रुपए का नेट इंडिया कलेक्शन और 90.50 करोड़ रुपए का ग्रॉस इंडिया कलेक्शन किया है। तीसरे



दिन फिल्म की सबसे ज्यादा कमाई तेलुगु में 13.35 करोड़ रुपए हुई है, इसके बाद हिंदी में 1.65 करोड़ रुपए और तमिल में 0.25 करोड़ रुपए हुई है। 'द पैराडाइज' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसे श्रीकांत ओडेला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में नानी, मोहन बाबू, कयादु लोहार, सोनाली कुलकर्णी और राघव जुयाल अहम किरदारों में हैं। इसमें नानी 1980 के दशक के सिकंदराबाद में एक संघर्षरत जनजाति के नेता की भूमिका निभाते हैं, जो भेदभाव का सामना करते हुए नागरिकता के लिए लड़ते हैं।

सौम्या के हाथ लगी बड़जात्या की फिल्म, शेयर किया इमोशनल नोट

मुंबई। 'भाभी जी घर पर हैं' की गोरी मेम उर्फ सौम्या टंडन पिछले दिनों रणवीर सिंह स्टारर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर धुरंधर के बाद अब सूरज बड़जात्या की फिल्म में नजर आएंगी। इस अपकमिंग फिल्म को लेकर सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया के जरिए खुशी जाहिर की है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' में सौम्या टंडन ने अपने अभिनय के लिए खूब सुर्खियां बटोरीं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर में सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना अभिनीत रहमान डकैत की पत्नी उल्फत का किरदार निभाया था, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया गया। 'धुरंधर' के बाद अब सौम्या टंडन एक नई फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। अब सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आएंगी, जिसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने सूरज बड़जात्या का आभार जताया है। सौम्या टंडन ने अपनी अपकमिंग फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह सूरज बड़जात्या और 'ये प्रेम मोल लिया' के अन्य स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सौम्या गुलाबी रंग की साड़ी और खूबसूरत ज्वेलरी और




मेकअप में नजर आ रही हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सौम्या ने फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है, जिसमें उनके साथ शरवरी वाघ, आयुष्मान खुराना, सुप्रिया पाठक, अनुपम खेर और अन्य कलाकार नजर आ रहे हैं। सौम्या टंडन ने ये तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'सूरज बड़जात्या सर के निर्देशन में काम करना किसी भी एक्टर का सपना होता है। यह अब तक का सबसे खुशनुमा सेट रहा है। ये प्रेम मोल लिया के सेट पर बिताए हर पल को मैं हमेशा याद रखूंगी। मेरा सच में मानना है कि स्क्रीन पर जो सच्चा प्यार दिखता है, वह असल में उसके पीछे मौजूद सच्चे प्यार से ही आता है।

इन दिग्गजों की कहानी पर दांव खेलेंगे मेकर्स

असली दिग्गजों की कहानी बॉलीवुड के लिए बना हिट का नया फार्मूला

नई दिल्ली। साल 2026 के आखिर और 2027 में कई बायोपिक फिल्में मेकर्स लेकर आने वाले हैं। ऐसे में क्या अब असली दिग्गजों की कहानी बॉलीवुड के लिए हिट का नया फार्मूला बन गया है। हिंदी सिनेमा का इतिहास सिर्फ फिल्मों की कहानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि बदलती पसंद और बदलते सिनेमाई ट्रेंड का भी इतिहास है। एक दौर था जब बड़े पर्दे पर प्रेम कहानियों का जादू चलता था। हीरो-हीरोइन, प्यार, जुदाई और मिलन... यही फॉर्मूला दर्शकों को थिएटर तक खींच लाता था। फिर समय बदला और बॉलीवुड ने कॉमेडी को अपनाया। एक के बाद एक कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों को हंसाया और बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाई। इसके बाद हॉरर और हॉरर-कॉमेडी का दौर आया, जब भूत-प्रेत और डर के साथ हंसी का तड़का भी दर्शकों को पसंद आने लगा। फिर आया एक्शन का दौर। बड़े सितारे, बड़े हथियार, बड़े सेट, हाई-ऑक्टेन एक्शन और करोड़ों का बजट... बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में इसी फॉर्मूले पर बनने लगीं। इन सबके बीच मेकर्स कुछ बायोपिक फिल्में भी लेकर आए, जिनमें से कुछ हिट हुईं तो कुछ फ्लॉप। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि हिंदी सिनेमा का बायोपिक वाला दौर फिर दस्तक दे रहा है। दरअसल, साल 2026 में जिस तरह नीम करोली बाबा के जीवन पर बनी 'हनुमान अंश' हिट हुई और चंदू चैंपियन को नेशनल अवॉर्ड मिला। ऐसे में मेकर्स का झुकाव बायोपिक की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं, 2027 में भी कई बड़े बायोपिक प्रोजेक्ट लाइन में हैं, उससे यह सवाल जरूर उठता है कि क्या बॉलीवुड अब काल्पनिक कहानियों से ज्यादा वास्तविक जिंदगी के किरदारों में नया ड्रामा तलाश रहा है।



ईठा : श्रद्धा कपूर की 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं और इसकी रिलीज 4 दिसंबर, 2026 है। यह फिल्म इसलिए भी दिलचस्प है, क्योंकि इसमें बॉलीवुड किसी क्रिकेटर या फिल्म स्टार के बजाय लोक कला से जुड़ी एक महिला कलाकार की कहानी को केंद्र में ला रहा है।

प्रहार : राजकुमार राव 'प्रहार में मशहूर विशेष सरकारी वकील उज्ज्वल निकम का किरदार निभा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा है और इसमें उनके महत्वपूर्ण कानूनी मामलों को कहानी का हिस्सा बनाया गया है। फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होने वाली



है। यहां बॉलीवुड को क्रिकेट या फिल्म इंडस्ट्री से बाहर की कहानी मिलती है। कानून, अपराध, अदालत और एक ऐसे व्यक्ति की जिंदगी जिसने देश के चर्चित मामलों में पैरवी की।

वी. शांताराम की कहानी : 2026 की सबसे दिलचस्प बायोपिक में 'वी. शांताराम' भी शामिल है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी 'शांताराम' की भूमिका निभा रहे हैं और तमन्ना भाटिया भी अहम किरदार में हैं। शांताराम भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्ममेकर, समाज सुधारक और कलाकार थे।

वाइट : बायोपिक का यह नया दौर सिर्फ मनोरंजन की दुनिया तक सीमित नहीं है। 'वाइट' नाम की फिल्म श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं।

2027 में और बड़ा होगा खेल?

राजकुमार राव की 'दादा' इस ट्रेंड की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म में वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का पहला लुक 2002 के लॉर्ड्स के मशहूर शर्टलेस सेलिब्रेशन को रीक्रिएट करता है और फिल्म 14 मई, 2027 को रिलीज होने की घोषणा की गई है। क्रिकेट बायोपिक बॉलीवुड के लिए नई नहीं है, लेकिन गांगुली की कहानी में भारतीय क्रिकेट के एक महत्वपूर्ण दौर, कप्तानी और उनके व्यक्तित्व को बड़े पर्दे पर देखने की उत्सुकता है।

धनुष और एपीजे अब्दुल कलाम

पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जिंदगी भी पर्दे पर आने वाली है और इसमें धनुष के मुख्य भूमिका निभाने की खबरें सामने आई हैं। यह उन फिल्मों में है जो बायोपिक के दायरे को विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण जैसी कहानियों तक ले जाती हैं।

ऋषभ शेट्टी की 'द प्राइड ऑफ भारत': 2027 की लिस्ट में 'द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज' भी शामिल है, जिसमें ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। ऐतिहासिक व्यक्तित्वों पर बनने वाली ऐसी फिल्मों में बायोपिक और पीरियड एपिक का मेल दिखाई देता है। यानी वास्तविक व्यक्ति की जिंदगी को बड़े सिनेमाई स्केल पर पेश करना।

अभी तक बन चुकी हैं ये बायोपिक फिल्में

- दंगल
- भाग मिल्खा भाग
- पान सिंह तोमर
- मैरी कॉम
- एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी
- गुंजन सक्सेना
- सुपर 30
- सरबजीत
- संजू
- अजहर

खबर संक्षेप

250 नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

डोंगरगढ़। डोंगरगढ़ पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते रेलवे स्टेशन के पास नशीली गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नाइट्राजेपाम टैबलेट्स आईपी (निजासेन-10) की 250 गोलियां जब्त की गई है। जब्त गोलियों की कीमत 1125 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 22(ख) के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार 25 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि नागपुर की ओर से ट्रेन से आया एक युवक डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन कालकापारा के पास नशीली गोलियां लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए हुलिए के अनुसार सफेद शर्ट और काला जींस पहने युवक की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

गांजा तस्करी के आरोपी को 10 साल की सजा एक लाख का अर्थदंड

महासमुंद। गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने बिलासपुर जिला के थाना सरकंडा निवासी 20 वर्षीय कृष्णा शुक्ला उर्फ बाबू पिता राजेश शुक्ला को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (II) (ग) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। इस मामले के दो आरोपी सरकंडा थाना के 30 वर्षीय राजवीर टंक पिता नितेश टंक तथा राकी राबिंसन पिता राबिंसन पैट्रिक 21 वर्ष को फरार घोषित किया गया है। आरोपी ओडिशा से गांजा ले जाकर बिलासपुर में पुडिया बनाकर बेचने के लिए कार का उपयोग करते हुए आ रहे थे। पुलिस को देखकर आरोपियों ने तेज रफ्तार से कार क्रमांक सीजी 10 एवाई 7100 भगाकर ले जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर कार टेमरी काली मंदिर के पास एनएच 353 पर एक खेत में पलट गई।

हादसा : नेशनल हाईवे 30 पर अंधेरे की वजह से हुआ हादसा

राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशी से टकराई बुलेट, सीआरपीएफ जवान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/चारामा



राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर मचांदूर के पास शनिवार रात को बुलेट अचानक सड़क पर बैठे मवेशी से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुलेट सवार सीआरपीएफ जवान 35 वर्षीय कौशल ध्रुव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ सवार 40 वर्षीय लोकनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को चारामा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। हादसे के बाद एनएच-30 की सुरक्षा व्यवस्था और बंद पड़ी डिवाइडर स्ट्रीट लाइटों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ जवान कौशल ध्रुव पिता आत्माराम ध्रुव निवासी तिल्दा नेवरा अपने साथी लोकनाथ पिता गिरधारी निवासी धमतरी के साथ बुलेट से चारामा की ओर आ रहे थे। शनिवार रात जब दोनों मचांदूर के पास पहुंचे, उसी दौरान सड़क पर बैठा मवेशी अचानक उनकी बुलेट के सामने आ गया। रात के अंधेरे और सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण बुलेट चालक को मवेशी समय रहते दिखाई नहीं दिया। बुलेट सीधे मवेशी से जा टकराई।

टक्कर के बाद दोनों सवार सड़क पर दूर जा गिरे। दुर्घटना में दोनों को गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों की मदद के लिए मौके पर पहुंचे। इस हादसे के बाद बीती रात को अंधेरा होने के कारण एक कार डिवाईडर से टकरा गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई, परंतु कार में बैठे लोग बच गए।

एक हादसा फिर छोड़ गया कई सवाल

मचांदूर के पास हुए इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात के समय वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था क्यों नहीं है? सड़क पर खुलेआम बैठे मवेशियों को हटाने के लिए जिम्मेदार एजेंसियां क्या प्रभावी कदम उठा रही हैं? हादसे के बाद अब स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि बंद स्ट्रीट लाइटों को जल्द दुरुस्त करने के साथ-साथ सड़क पर मवेशियों की मौजूदगी रोकने के लिए भी ठोस व्यवस्था की जाएगी।

चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल चारामा अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सीआरपीएफ जवान को मृत घोषित कर दिया, वहीं गंभीर रूप से घायल लोकनाथ का प्राथमिक उपचार किया गया। उनकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए आगे रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मृतक जवान के परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बंद स्ट्रीट लाइटों से बढ़ रहा खतरा

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर मचांदूर के आसपास डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद होने की बात सामने आ रही है। बंद लाईट होने के कारण लोगों में आक्रोश बना हुआ है। बीती रात के समय सड़क के अंधेरे हिस्सों में वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद मवेशी, गड्ढे अथवा अन्य बाधाएं समय पर दिखाई नहीं देतीं। ऐसे में वाहनों के लिए दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। स्ट्रीट लाईट कई दिनों से बंद होने के चलते संबंधित ठेकेदार और विभाग पर कार्रवाई की माँग भी की गई।

गणेश विसर्जन की खुशियों के बीच मातम, पिकअप की चपेट में आया नौवीं का छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

गणेश विसर्जन की खुशियों और उत्साह के बीच रविवार को चारामा नगर में उस समय मातम पसर गया, जब राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कक्षा नौवीं के छात्र की जान चली गई। बैंक ऑफ इंडिया के सामने सड़क पार कर रहे नाबालिग छात्र को नारियल से लदी तेज रफ्तार पिकअप ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि छात्र का सिर वाहन के पहिए की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद विसर्जन की तैयारियों में जुटे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे चारामा नगर में गणेश विसर्जन के चलते लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई थी। इसी दौरान भाटापारा चारामा निवासी अर्नव (अंश) तिवारी पिता अनीश तिवारी, डिवाइडर की ओर से सड़क पार कर रहा था। बताया गया कि इसी दौरान विपरीत दिशा से नारियल लेकर आ रही पिकअप वाहन ने छात्र को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद छात्र सड़क पर गिर गया और उसका सिर वाहन के पहिए के नीचे आ गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गणेश विसर्जन के माहौल के बीच हुए इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक और सन्नाटा छा गया।



पिकअप और चालक को कब्जे में लिया

चारामा पुलिस ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन और चालक को कब्जे में ले लिया है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और वाहन की गति कितनी थी, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा वाहन चालक की भूमिका और दुर्घटना के अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाला अर्नव तिवारी कक्षा नौवीं का छात्र था। कम उम्र में उसकी दर्दनाक मौत की खबर जैसे ही नगर और आसपास के क्षेत्र में पहुंची, शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों और परिचितों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बताया गया कि मृतक छात्र के पिता पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

वाहन जांच में खुला गांजा तस्करी का राज, पुलिस ने दबोचे 4 आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र में एनएच-30 पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग वाहनों से कुल 18 किलो 460 ग्राम गांजा बरामद कर मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 9 लाख 23 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में इस्तेमाल दोनों वाहनों और चार मोबाइल फोन समेत कुल 22 लाख 53 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 26 सितंबर 2026 को चिल्फी थाना के सामने एनएच-30 पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान हुंडई वरना क्रमांक डीएल-4सी एक्यू-0755 को रोककर तलाशी ली गई।

36 घंटे बाद नाले में बहे अंकित की झाड़ियों में फंसी मिली लाश

तिल्दा-नेवरा। शुक्रवार रात तेज बारिश के बाद उफन रहे नाले को पार करना 24 वर्षीय अंकित पाठक को भारी पड़ गया। तिल्दा-कोहका-रजिया मार्ग पर पुल के ऊपर से बह रहे तेज पानी के बीच नाला पार करते समय अंकित बह गया था। करीब 36 घंटे की तलाश के बाद रविवार सुबह उसका शव घटनास्थल से लगभग 300 मीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने उसे बाहर निकाला, जिसके बाद उसकी पहचान बिरगांव निवासी अंकित पाठक के रूप में हुई। अंकित के नाले में बहने के बाद एनडीआरएफ की टीम के साथ तिल्दा पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस और बचाव दल नाले के आसपास के हिस्सों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।



सुकमा जिले में पानी में उतरकर कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा

जलभराव से 94 गांवों में 30 घंटे बंद रही बिजली, पानी उतरते ही बहाल हुई सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जलभराव के कारण सुकमा जिले के 94 गांवों में शनिवार सुबह से विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। पानी में विद्युत लाइन डूब जाने के कारण बिजली बंद करनी पड़ी। लगभग 30 घंटे बाद रविवार सुबह जलस्तर कम हुआ तो विद्युत कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पानी में उतरकर बिजली लाइन की जांच करते हुए आपूर्ति बहाल की। बिजली शुरू होने से लगभग 15 हजार उपभोक्ताओं को राहत मिली। मुरेंपाल ग्रामीणों के अनुसार लगातार बारिश के चलते शनिवार को जलभराव बढ़ गया था। कई स्थानों पर विद्युत लाइन पानी में डूब गई थी। सुरक्षा को देखते हुए बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

- 15 हजार उपभोक्ताओं को मिली राहत



जलस्तर घटते ही शुरू किया बहाली कार्य

जलभराव के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित होने के बाद कंपनी के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। पानी कम होने का इंतजार किया जा रहा था। रविवार सुबह परिस्थितियां अनुकूल होने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर लाइन और तारों की जांच की। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। विद्युत कंपनी सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि जलस्तर कम होते ही विद्युत कर्मियों ने जिले के 94 गांवों में पहुंचकर बंद बिजली को सुचारू किया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीशियन छत्तीसगढ़ के सोंढ़ बेरला में सोलर प्लांट के लिए ITI/ डिप्लोमा होल्डर इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है, जिन्हें सोलर प्लांट और SCADA ऑपरेशन व ट्रबलशूटिंग में 4-5 साल का अनुभव हो। स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। संपर्क करें: भवानी मोल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, उरला, छत्तीसगढ़ – 8085379697 (आरे-214)

टीचर

Wanted- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur. 8226078877, 7987357145.(आरे-213)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में सेल्समैन एवं हेल्पर की आवश्यकता है। वेतनः 10,000/- संपर्कः हरिओम प्लास्टिक बैग हाउस पंडरी कपड़ा मार्केट, गेट नं. 8 के सामने, रायपुर मोः 7440784646, 9131348561.(आरे-338)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 विपणन अधिकारी 30000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 टेंडर कार्य,योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016. (आरे-815)

केयर टेकर

आवश्यकता है- रायपुर में पुरूष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की उम्र अधिकतम 35 वर्ष। योग्यता कम से कम बारहवी पास मेडिकल ज्ञान जरूरी 2 नहीं है। रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क करेः- राकेश अग्रवाल, A-73 लविस्ता कॉलोनी अमलीडीह रायपुर 9575042812 (मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक)(आरे-082)

हेल्पर

आवश्यकता है- पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन की दुकान में कार्य करने हेतु हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक्स आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो.- 79878-16330. (आरे- 338)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ऑफिसर/नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- 1. रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (R.M.) 01 पद, 2. अनुभवी नर्सिंग स्टॉफ (महिला /पुरुष) 05 पद, 3. मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (P.R.O) 01 पद पता- मातृ स्मृति हॉस्पिटल, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर संपर्क करें:- 8839474743, 8269340044.(आरे-081)

पैकिंग/बिल कार्य

आवश्यकता है- 500/- प्रतिदिन एवं ओवरटाइम 560/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। सम्पर्कः- तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर। (आरे-735)

टीचर/आयादीदी

आवश्यकता है- स्कूल में कार्य हेतु 3 महिला स्टाफ/आया (दीदी), टीचर, ऑफिसबॉय की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। योग्यता एवं अनुभव के अनुसार उचित वेतन दिया जाएगा। संपर्कः- 9300009149, 7701005558. (आरे-216)

घरेलु कार्य/कुक

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35–60 वर्ष। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233.(आरे नं.-SPD/0083)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मेडिकल शॉप कार्य

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल शॉप में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करे- अनंता हेल्थकेयर , मोबाइल - 975283999, 8120199000. (आरे-Meet.)

ड्रायवर

आवश्यकता है- 5 वर्ष अनुभवी नशामुक्त कार ड्राइवर की। वेतन 18000 सम्पर्क करें- डॉ. अभय अग्रवाल, अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी, लालगंगा, बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर मिलने का समय सुबह 11 से 6 तक बाहरी के लिये ठहरने की व्यवस्था है 957504809.(आरे-41967)

शीघ्र आवश्यकता है- ड्राईवर - 8/10 वी ,ड्राइविंग लाइसेंस टीप-कैंपस में परिवार के साथ रहने की सुविधा इच्छुक शीघ्र संपर्क करे उदय पब्लिक स्कूल, जामुल - भिलाई, 7470984997.(आरे.-4174)

आवश्यकता है-रायपुर खम्हारडीह में घर की कार चलाने के लिए एक कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। गृह कार्य में सहयोग अपेक्षित। वेतन योग्यता अनुसार मो. 9579931943 (RO-1502)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष पितर दोष के कारण आर्थिक , मानसिक, शारिरिक, सब्बो बुता मा अड़चन आये पितर दोष निवारण ले सब सुधर जहि मों:- 7691971007. (आरे-215)

Medical चिकित्सा

नशा मुक्ति केन्द्र- सभी प्रकार के नशे का ईलाज काउन्सलिंग, योग ध्यान, दवाईयों एवं आध्यात्मिक प्रोग्राम द्वारा सम्भव है। मनोरोगियों का ईलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है सम्पर्क करें- 9340093665. (आरे-41915)

Property प्रापर्टी

फ्लैट

फ्लैट बेचना है- मालवीय नगर एकता परिसर दुर्ग में लगभग 350 वर्ग फीट द्वितीय तल में बना 1bhk फ्लैट सर्वसुविधायुक्त बेचना है , मो.-9893094299. (आरे-339)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से ठीक पीछे आवासीय या व्यावसायिक उपयोग हेतु 22000 वर्गफुट हॉस्पिटल, अपार्टमेंट, फ्लैट, रेस्टोरेंट के लिए उपयोगी टुकड़ों में या एकमुश्त बेचना है सम्पर्क करें 7898855268.(आरे-41750)

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष ताऱिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नीता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।



आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152
हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
बवासीर फिस्टुला फिशर किडनी केयर विथ लिथिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.बी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

शोध में खुलासा: घरेलू सफाई उत्पाद व एयर फ्रेशनर्स से फेफड़ों को हो रहा गंभीर नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नींबू, चीड़ या अन्य खुशबू वाले घरेलू सफाई उत्पादों और एयर फ्रेशनर्स के इस्तेमाल से घर के अंदर हानिकारक नैनोपार्टिकल्स पैदा हो रहे हैं और ये स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। दरअसल ये सुगंधित उत्पाद हवा में मौजूद ओजोन के संपर्क में आने से रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण अरबों सूक्ष्म कण बनाते हैं जो सीधे फेफड़ों के गहरे हिस्से में पहुंच जाते हैं और गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं।

स्विट्जरलैंड व अमेरिका में हुआ रिसर्च

स्विट्जरलैंड की ईपीएफएल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस पर गहन अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट पेश की है। इस महत्वपूर्ण शोध को अमेरिकन केमिकल सोसायटी की 2026 की मीटिंग में भी प्रस्तुत किया गया है। हाल ही में अमेरिका की पड्र्यू यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर ब्रैंडन बूर ने भी इसी पर विस्तृत शोध किया गया है। दोनों ही विवि का संयुक्त शोध घर के अंदर की हवा की गुणवत्ता को लेकर एक गंभीर चेतावनी देता है।

इन कणों के संपर्क से हो रहीं ये बीमारियां

आकार में बेहद छोटे होने के कारण ये कण हमारे श्वसन तंत्र के प्राकृतिक फिल्टर (नाक के बाल और बलगम) को आसानी से पार कर सीधे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। इन कणों के लगातार संपर्क में रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सांस फूलना और फेफड़ों में सूजन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए यह अदृश्य प्रदूषण बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

पैदा कर रहे नैनोपार्टिकल, घातक उत्पादों से सतर्क रहना जरूरी

लिमोनेन और पाइनीन से पैदा होते हैं कण

नींबू या चीड़ व अन्य खुशबू वाले उत्पादों में लिमोनेन और पाइनीन जैसे रासायनिक यौगिक होते हैं। इन्हें मोनोएम्पीयर कहा जाता है। जब ये हवा में मौजूद ओजोन गैस के संपर्क में आते हैं, तो एक तीव्र रासायनिक प्रतिक्रिया होती है। इससे हवा में अरबों अल्ट्राफाइन पार्टिकल्स बन जाते हैं। ये पीएम-10 और पीएम2.5 से भी छोटे होते हैं, जिन्हें हम अपनी सामान्य आंखों से तो देख भी नहीं सकते।



तो इस तरह से करें घर की सफाई

- सुगंध विहीन या कम सुगंधित क्लीनर चुनें।
- एक ही समय में कई सुगंधित उत्पाद इस्तेमाल न करें।
- सफाई करते समय एग्जास्ट फैन जरूर चलाएं।
- संभव हो तो खिड़कियां खोलकर वेंटिलेशन रखें।
- रासायनिक स्प्रे के बजाय सफेद सिरका, बेकिंग सोडा और पानी के मिश्रण जैसे पारंपरिक तरीका आजमाएं।
- ऐसे एयर प्यूरीफायर या उपकरणों का उपयोग बिल्कुल न करें जो ओजोन गैस छोड़ते हैं।

जैकेट के शेष

सीएम साय 2 से ....

है कि सम्मेलन में श्री साय 4 से 6 अक्टूबर के बीच शामिल होंगे। उनके साथ सीएम सचिवालय के अधिकारियों के साथ उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। सिंगापुर व्यापार महासंघ की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों की आर्थिक और औद्योगिक संभावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के सामने रखा जाएगा। सम्मेलन में निवेश के अवसर, नए कारोबार, बाजार तक पहुंच, औद्योगिक साझेदारी और दोनों देशों की कंपनियों के बीच सहयोग पर चर्चा होगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल : सूत्रों के अनुसार, इसी सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल होंगे। सिंगापुर की ओर से वहां के मंत्री स्तर के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में भारत और सिंगापुर के कारोबारी प्रतिनिधियों के बीच निवेश और औद्योगिक साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

सीधे संवाद का अवसर...

संभावनाओं और राज्य में उद्योग लगाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं को सीधे अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी समुदाय तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

नक्सली डंप के ....

बंटवारे से संबंधित आरोपों की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है।

एसपी ने जांच ....

कार्रवाई प्रस्तावित है, इस संबंध में उन्होंने विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की।

इधर, एसआई लाइन ....

मेहता ने कथित तौर पर पैसे लेकर उसे छोड़ दिया। हुसैनबाद के उपमंडल पुलिस अधिकारी दिव्यांश शुक्ला ने जांच के दौरान पाया कि उपनिरीक्षक के ख़िलाफ़ लगा आरोप सही है।

बैंक यूनियनों ने ....

गया। बैठक में छुट्टियों की मांग को लेकर कमेटी बनाने पर सहमति बनी है। इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस के बीच हुई बैठक के बाद बैंक हड़ताल टाल दी गई है। रविवार रात इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस की बैंक हड़ताल को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में बैंक सुधार समेत अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा हुई. लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच कुछ फैसलों को लेकर सहमति बनी है।

इन मुद्दों पर ....

की जाएगी। इसके अलावा, 8 मार्च 2024 की बैठक के कार्यवृत्त (मिनट्स) में दर्ज बाकी मुद्दों के समाधान के लिए भी दोनों पक्षों के बीच बातचीत होगी।

बाघ की हड्डियों ....

हैं। पैंगोलिन में एक नवजात है। टीम ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इस पूरे ऑपरेशन का नाम सेफ पैसेज 3.0 दिया गया था। यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन ने बताया कि शनिवार को संयुक्त टीम महाराष्ट्र सीमा से सटे तेलंगाना के आलापल्ली स्थित जिमेला में छापे की कार्रवाई कर पैंगोलिन के साथ 43 नग बाघ की हड्डियांए दो बाघों के कैनाइन दांत तथा तीन बाइक जिनका उपयोग कथित रूप से वन्यजीव अवैध सामग्री के परिवहन में किया जा रहा था, जब्ती की गई है। अफसर के अनुसार 14 सितंबर से 14 अक्टूबर तक वैश्विक स्तर पर वन्यजीव तथा उनके अंगों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में यहां ऑपरेशन सेफ पैसेज चलाया जा रहा है।

तस्करों का हॉट स्पॉट : पूर्व में किए गए ऑपरेशन में यूएसटीआर, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के दो पुलिसकर्मियों सहित कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 बाघ की खाल, 1 बाघ का शव और 5.39 किलोग्राम पैंगोलिन स्केल्स जब्त किया था। फॉलो-अप जांच में अहेरी, सिरोंचा, जिंगानूर, बीजापुर बेल्ट रूट को पकड़ा गया। यहां वन्यजीव तस्करी के एक महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है।

18 साल की ....

मिली। गोल्ड मेडल से चूकने के बावजूद अनाहत ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया और एक खास रिकॉर्ड बना दिया है। अनाहत सिंह एशियन गेम्स के इतिहास में स्क्वैश के महिला सिंगल्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। फाइनल तक उनका सफर शानदार रहा। उन्होंने टूर्नामेंट में कई मजबूत खिलाड़ियों को हराकर अपनी जगह बनाई।

भारत को 8वें दिन चार ....

एंसी सोजन ने महिला लॉन्ग जंप में 6.53 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर और तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में 7934 अंकों के साथ ब्रॉन्ज जीता। स्क्वॉश में अभय सिंह और अनाहत सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किए। हरिता भद्रा ने महिला 200 मीटर में 23.20 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज जीता।

युद्ध के दौरान सोशल मीडिया के दुष्प्रचार पर जाहिर की चिंता

सेना प्रमुख बोले- जमीनी स्थिति ही सैन्य अभियान की सफलता का पैमाना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश को रक्षा उत्पादन में इतना सक्षम होना चाहिए कि जरूरी क्षमताओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने आत्मनिर्भरता का मतलब बताते हुए कहा कि भारत में डिजाइन, विकास, निर्माण, रखरखाव और अपग्रेड की पूरी क्षमता विकसित होनी चाहिए। साथ ही देश को दुनिया के लिए रक्षा उपकरण बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए।

सोशल मीडिया के 'साल्वो' पर क्या बोले

आधुनिक युद्ध में सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों की भूमिका का जिक्र करते हुए जनरल सेठ ने कहा कि दुनियाभर के संघर्षों से जुड़ी सूचनाएं लगातार सोशल मीडिया पर सामने आती हैं। उनके मुताबिक, इन सूचनाओं और अलग-अलग नैरेटिव के बीच वास्तविक युद्ध की तस्वीर



धुंधली हो सकती है और भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है।

'जीत आज भी जमीन से तय होती है'

सेना प्रमुख ने कहा कि तकनीक और आधुनिक क्षमताओं के बावजूद एक चीज नहीं बदली है। उनके अनुसार, युद्ध में सफलता का ठोस और उपयोगी पैमाना जमीन ही है। उन्होंने कहा कि जीत को क्षेत्रीय नियंत्रण के आधार पर मापा जाता है और जमीन पर कब्जा, सुरक्षा और रक्षा सैनिक ही करते हैं।

तकनीक लड़ाई छोटी कर सकती है, युद्ध नहीं

जनरल धीरज सेठ ने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज के संघर्षों में लंबे समय तक चलने वाले युद्ध और बीच-बीच में तेज लड़ाई के दौर देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक लड़ाई की अवधि कम कर सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि इससे पूरा युद्ध भी जल्दी खत्म हो।

देश में बनी तकनीक पुरानी न हो जाए

सेना प्रमुख ने घरेलू रक्षा उत्पाद विकसित करने वालों के सामने एक और चुनौती रखी। उन्होंने कहा कि सिर्फ दूसरे देशों पर निर्भरता कम करना पर्याप्त नहीं है। यह भी जरूरी है कि भारत में विकसित की जा रही तकनीक इस्तेमाल में आने तक पुरानी न पड़ जाए। उन्होंने इस स्थिति को 'इंडिजिनस ऑब्सोलेसेंस' यानी स्वदेशी तकनीक के समय से पहले अप्रचलित हो जाने के खतरे के रूप में बताया।

पेज एक के शेष

बाढ़ से मिली ...

बहने की खबर है। गंगरेल कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे गंगरेल बांध में पानी की आवक 32000 क्यूसेक तथा जावक भी 32000 क्यूसेक था। इस समय गंगरेल बांध के पांच मुख्य गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। शाम 6 बजे पानी की आवक 42505 क्यूसेक दर्ज की गई है लेकिन पानी छोड़े जाने की मात्रा 15005 क्यूसेक कर दी गई है। इस समय 6, 7, 8 नंबर के गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। सिंचाई विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता हेमलाल कुरेशिया ने बताया कि बांध में पानी की आवक पर पैनी नजर बनाए रखी गई है। बांध में पानी का लेबल घटने और बढ़ने के अनुसार पानी की मात्रा कम और ज्यादा किया जा रहा है। माडमसिल्ली बांध में 99.93 प्रतिशत जलभराव है। यहां पानी की आवक 3194 क्यूसेक तथा जावक 2634 क्यूसेक, दुधावा बांध में 100 प्रतिशत जलभराव है। बांध में 15000 क्यूसेक पानी की आवक तथा 23300 क्यूसेक जावक, सोंदूर बांध में 86.16 प्रतिशत जलभराव है। यहां आवक 2617 तथा जावक 2697 क्यूसेक की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में बाढ़ ....

के लिए हेलीकॉप्टरों की भी मदद ली गई। राज्य शासन के अनुसार रविवार की स्थिति में प्रदेश के 571 गांवों के 22377 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में 173 राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां 17540 लोगों को आश्रय दिया गया है। शिविरों में भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य जांच, दवाइयों सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

199 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त : बाढ़ से अब तक 199 मकान पूर्णतः और 1,155 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। राजस्व अमले द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में मकानों और अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान का सर्वे और आकलन किया जा रहा है। पात्र परिवारों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 (आरबीसी 6-4) के प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता देने की प्रक्रिया जारी है।

8 लोगों की मौत, 172 पशुहानि : आपदा में अब तक 8 जनहानि और 172 पशुहानि की सूचना मिली है। जिला प्रशासन को संबंधित मामलों में नियमानुसार राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने में जुटा है।

लगातार निगरानी, जरूरत के अनुसार चलेंगे राहत शिविर : राज्य शासन स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, राहत शिविरों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने और नुकसान का जल्द आकलन कर पात्र परिवारों को समयबद्ध आर्थिक सहायता देने की है।

विपदा में सरकार पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी : टंकराम : प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं आपदा प्रबंधन कार्यों को गति देने के लिए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने लखना, बेमता और बलौदीखुर्द गांवों का सघन दौरा किया। उन्होंने बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जाना और पीड़ितों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस विपदा की घड़ी में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

गणेश विसर्जन के ....

विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों पर अचानक लाठीचार्ज शुरू कर दिया और श्रद्धालुओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जब जुलूस में शामिल भाजपा पार्षदों और नागरिकों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ भी अभद्रता व मारपीट की गई। पुलिसिया कार्रवाई से मौके पर भगदड़ मच गई और कई लोग प्रतिमाओं को वाहनों में ही छोड़कर भागने को मजबूर हो गए।

बिश्नोई गैंग के ....

351 (3) और 351 (4) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पूर्व पार्षद ने अज्ञात के खिलाफ कॉल कर फिरौती मांगने की रिपोर्ट 14 सितंबर को थाने में दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि घटना दिनांक को उनके मोबाइल फोन पर विदेशी मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप के माध्यम से धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए। संदेश भेजने वाले व्यक्ति ने स्वयं को अमन साहू गैंग से संबंध होना बताया तथा उनसे रंगदारी की मांग की। रकम नहीं देने पर प्रार्थी उनके पुत्र अजीत एवं परिवार के अन्य सदस्यों को जान से मारने तथा रायपुर एवं तेलीबांधा क्षेत्र में हत्या करवाने की धमकी दी गई।

पुलिस को ऐसे मिला क्लू : कुकरेजा को धमकी देने के मामले में पुलिस ने पहले जांजगीर-चांपा के एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि युवक ने लॉरेंस बिश्नोई, अमन साव के नाम पर धमकी भरे कॉल करने के साथ मैसेज करता था। इसके बदले उसे पांच हजार रुपए दिए जाने की बात सामने आई है। इसी पूछताछ के दौरान शोएब ढेबर का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने उसे शनिवार देर रात मेमन समाज के कार्यक्रम से हिरासत में लिया।

ढेबर परिवार को भी मिली थी धमकी : पिछले सप्ताह कांग्रेस नेता और पूर्व महापौर एजाज ढेबर से भी लॉरेंस बिश्नोई और अमन साव गैंग के नाम पर फोन कर 50 करोड़ रुपए फिरौती मांगी गई थी। इस मामले में कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज है। अब पुलिस कुकरेजा को मिली धमकी और ढेबर परिवार से 50 करोड़ रुपए मांगने के मामले के बीच भी कनेक्शन तलाश रही है।

हरियाणा के युवक से कॉल कराया : पुलिस जांच में जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक धमकी देने के लिए हरियाणा के एक युवक का इस्तेमाल किया गया है। वह युवक रायपुर के एक होटल में काम करता था। आरोप है कि उससे होटल के वाई-फाई के जरिए कॉल करवाए जाते थे, ताकि कॉल करने वाले की पहचान और लोकेशन छिपाई जा सके। वीआईपी रोड स्थित एक होटल में बैठकर शराब पीने के बाद धमकी भरे फोन किए जाने की जानकारी भी पुलिस को मिली है। पुलिस अब होटल, वाई-फाई कनेक्शन, मोबाइल और इंटरनेट कॉल से जुड़े तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि होटल में शोएब और धमकी देने वाले युवक की कितनी बार मुलाकात हुई।

राहुल अब देशद्रोही ....

देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और भारत की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने की राहुल गांधी की सोची-समझी साजिश है। केंद्रीय चुनाव आयोग के संयुक्त प्रेस नोट से दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। यह फिर से साबित हो गया है कि कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ झूठ, सनसनी और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उसका झूठ फिर से बेनकाब हो गया है। श्री साय ने कहा कि अपने संयुक्त बयान में आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि एसआईआर समेत सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए। भारत के चुनाव आयोग की दुनियाभर में साख है। उसकी निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना विपक्ष की हताशा का प्रतीक है। कांग्रेस को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए।

अपराधी की तरह ....

सदस्य हैं, जो इसी चुनाव प्रक्रिया और इसी ईवीएम से चुन कर आए हैं। जीत जाने पर सरकार भी बनाना, विधायक और सांसद आदि भी बनना, इसी चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेकर राजनीति करना और उसी पर लगातार प्रहार करना। श्री साय ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस आज राहुल गांधी की अज्ञानता का शिकार होकर पेड़ की उसी डाली को काट रही है जिस पर वह बैठी है। दुःखद यह है कि जिस थाली में खाती है, उसी में लगातार छेद करने की कांग्रेस करती है।

डॉक्टर भी हैरान....

वहीं कई सवाल उठ रहे हैं। इलेक्ट्रिक ग्राइंडर से शरीर का इतना संवेदनशील अंग कटने के बाद कोई इंसान शांत कैसे रह सकता है? इस सवाल ने डॉक्टरों को भी अचंभे में डाल दिया है। मथुरा के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूदेव ने इस पर आश्चर्य जताते हुए कहा, यह बात समझ से परे है कि कोई व्यक्ति अपने ही हाथों इलेक्ट्रिक ग्राइंडर से अपना प्राइवेट पार्ट कैसे काट सकता है। ऐसी दर्दनाक स्थिति में कोई चीखे-चिल्लाए नहीं, तड़पे नहीं और बिना छटपटाहट के चलता रहे, यह मेडिकल साइंस के हिसाब से लगभग असंभव सा लगता है।

गुजरात में शुरू हुई भारत की पहली एलएनजी संचालित ट्रेन, गृह मंत्री शाह दिखाई हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के साबरमती रेलवे स्टेशन से भारत की पहली द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह कदम रेल परिवहन को पर्यावरण के अनुकूल और अधिक किफायती बनाने के भारत सरकार के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है। इस नई ट्रेन तकनीक से ईंधन की लागत में कमी आने के साथ-साथ कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन में गिरावट आएगी।

1,400 हॉर्सपावर वाली 2 ड्राइविंग पावर कारों को बदला : सरकार ने साबरमती इंटीग्रेटेड कोचिंग डिपो में 1,400 हॉर्सपावर वाली 2 ड्राइविंग पावर कारों को दोहरे ईंधन सिस्टम में बदल दिया है। ये सिस्टम अब डीजल और एलएनजी दोनों पर चलते हैं, जिससे एलएनजी ने डीजल की खपत के 40 प्रतिशत कर दिया।



शाह ने डीजल की खपत कम करने पर दिया जोर: गृहमंत्री शाह ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए उल्लेख किया कि भारतीय रेलवे ने साल 2015-16 में 293 करोड़ लीटर डीजल की खपत की थी। यह संख्या 2024-25 में घटकर 108 करोड़ लीटर रह गई। सरकार का लक्ष्य 2030 तक इसे शून्य पर लाना है, जिससे भारत की विदेशी मुद्रा की बचत होगी। उन्होंने रेलवे नेटवर्क के तेजी से हो रहे विद्युतीकरण पर भी प्रकाश डाला, जिसके तहत 99.6 प्रतिशत नेटवर्क का पहले ही विद्युतीकरण हो चुका है।

कवच सुरक्षा प्रणाली की जाएगी स्थापित

नवीनतम बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के एक हिस्से के रूप में अहमदाबाद मंडल को स्वदेशी रूप से विकसित 'कवच' स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली भी मिलेगी। इसे लगभग 411 करोड़ रुपये की लागत से 404 किलोमीटर के रेलवे नेटवर्क पर स्थापित किया जाएगा। यह प्रणाली ट्रेनों की आपसी टक्कर को रोकने और ओवरस्पीडिंग से बचाकर रेलवे सुरक्षा को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

दोष न मढ़ें, कांग्रेस की हार पर आत्ममंथन करें राहुलः किशन रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भाजपा और विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर की गई आलोचना पर रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता को भाजपा को दोष देने की बजाय अपनी पार्टी की चुनावी हार के कारणों पर आत्ममंथन करना चाहिए। किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बिना किसी ठोस राजनीतिक समझ के बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को निर्वाचन आयोग तभी भरोसेमंद लगता है जब कांग्रेस जीतती है और जब उनकी पार्टी हारती है तो उन्हें ऐसा नहीं लगता। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग के बीच राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने निर्वाचन आयोग के प्रमुख को भारत के चुनावों में "मैच-फिक्सिंग" का प्रभारी बनाया है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भाटापारा
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/ (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी
SAVE ENERGY

क्र. / 10-20/10-25/ सामा. / 2914 — **बिजली बंद की सूचना** — भाटापारा, दिनांक 25.09.2026

छ.रा. वि. वि. कं.लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिपावली पूर्व लाईनों एवं उपकेन्द्रो का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र	दिनांक	33/11 के. व्ही उपकेंद्र / फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	28.09.2026	11 टिकुलिया एवं साई कालोनी फीडर	11 के.व्ही. टिकुलिया एवं साई कालोनी फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
2	29.09.2026	11 के.व्ही. रेस्ट हाउस फीडर	11 के.व्ही. रेस्ट हाउस फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
3	30.09.2026	33 के.व्ही. भाटापारा-3 फीडर एवं 11 के.व्ही गायत्री मंदिर फीडर	33 के.व्ही. टेहका उपकेन्द्र एवं 11 के.व्ही गायत्री मंदिर फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
4	01.10.2026	11 के.व्ही. रेल्वे फीडर	11 के.व्ही रेल्वे फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
5	02.10.2026	11 के.व्ही. पटपर फीडर	11 के.व्ही पटपर फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
6	03.10.2026	11 के.व्ही. मातादेवालय फीडर	11 के.व्ही मातादेवालय फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
7	04.10.2026	11 के.व्ही. टाउन 2 फीडर	11 के.व्ही टाउन 2 फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
8	05.10.2026	11 के.व्ही. मण्डी फीडर	11 के.व्ही मण्डी फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता
9	06.10.2026	11 के.व्ही. हटरीबाजार फीडर	11 के.व्ही. हटरीबाजार फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
10	07.10.2026	11 के.व्ही. टाउन 1 फीडर	11 के.व्ही टाउन 1 फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
11	08.10.2026	11 के.व्ही. गायत्री मंदिर फीडर	11 के.व्ही गायत्री मंदिर फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
12	09.10.2026	11 के.व्ही. मयूर स्कूल फीडर	11 के.व्ही मयूर स्कूल फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
13	10.10.2026	33 के.व्ही. भाटापारा - 2 उपकेन्द्र	33 के.व्ही. भाटापारा - 2 उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।
14	11.10.2026	11 के.व्ही. कालोनी एवं देवरी फीडर	11 के.व्ही. कालोनी एवं देवरी फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता।

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।
1."स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें।" 2. "समयावधि में देयक का भुगतान करें, लाईन विच्छेदन से बचें।"

कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


धनु — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

शब्द पहेली - 6361



बाएँ से दाए
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

ऊपर से नीचे
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

शब्द पहेली- 6360 का हल

रा	ऊ	ल	के	ला			क	स	क
ह	जा		श		श	तु	ता		न्या	य
गु			ही	र	क		र			म
ज	ला	व	न			गं		अ	नु	ज
र		च		बे	ल	गा	म		की	
	शा	न		क		ज		ब	ला	
		य		श	रा	र	ल		न्द		त
म	द	द		र			अ	र	मा	न
श			स		शा	य	र			ब
क	म		न	र	म		मा		मा	द
	जा	न	म			म	न

खबर संक्षेप



सेबी ने ओमेक्स और पांच अन्य को प्रतिबंधित किया

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने रियल एस्टेट कंपनी ओमेक्स और पांच अन्य को न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी संबंधी नियमों को पूरा करने के लिए कृत्रिम तरीके से सार्वजनिक शेयरधारिता दिखाने के मामले में प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित किया है। नियामक ने इन पर कुल 1.92 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, ओमेक्स पर तीन महीने के लिए प्रतिभूति बाजार में प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

आवासीय कीमत वृद्धि के मामले में मुंबई दुनिया में 8वें स्थान पर



नई दिल्ली। प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में जून तिमाही में सालाना आधार पर 6.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मुंबई दुनिया के 46 शहरों में आठवें स्थान पर रहा। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने यह कहा। आलोच्य तिमाही में दुनिया में प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में सालाना औसतन 2.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल 46 शहरों में से 32 में सालाना आधार पर आवासीय संपत्तियों की कीमतें बढ़ीं। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, बेंगलुरु 4.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 12वें और नयी दिल्ली 3.9 प्रतिशत वृद्धि के साथ 17वें स्थान पर रही।

ओपनएआई ने एआई मॉडल का प्रशिक्षण रोका, सुरक्षा में लगाया सेंध


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपनएआई ने अपने सबसे सक्षम कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल के सभी प्रशिक्षण, मूल्यांकन और उपकरणों के जरिये इस्तेमाल को रोक दिया है। कंपनी के एक प्रशिक्षण परीक्षण के दौरान एक एआई एजेंट ने इंटरनेट पर लगाए गए अंकुशों को दरकिनार कर दिया था। ओपनएआई ने बताया कि एआई एजेंट ने डोमेन नेम सिस्टम (डीएनएस) में मौजूद एक खामी का फायदा उठाकर इन अंकुश को पार किया। डीएनएस इंटरनेट की वह व्यवस्था है जो किसी वेबसाइट के नाम को उसके कंप्यूटर या सर्वर के पते से जोड़ती है, ताकि वेबसाइट तक पहुंचा जा सके।

प्रशिक्षण परीक्षण के दौरान एआई एजेंट ने लगे अंकुश हटाए

नेट पर लगाए गए अंकुश में खामी थी

ओपनएआई ने कहा, ''हमारी सुरक्षा व्यवस्था इस धारणा पर आधारित थी कि मॉडल सीधे इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर सकता और अगर वह ऐसा करने की कोशिश करेगा तो निगरानी व्यवस्था उसका पता लगा लेगी। लेकिन इस घटना से पता चला कि इंटरनेट पर लगाए गए अंकुश में एक खामी थी। इसलिए हमने प्रभावित प्रशिक्षण परीक्षण को रोक दिया और अपने सबसे सक्षम मॉडल के अन्य प्रशिक्षण, मूल्यांकन तथा उपकरणों के जरिये इंटरनेट इस्तेमाल को भी फिलहाल रोक दिया है।''



जानकारी खोजने की क्षमता जांची

यह ऐसा परीक्षण है जिसमें एआई एजेंट की मुश्किल और आसानी से न मिलने वाली जानकारी खोजने की क्षमता जांची जाती है। एजेंट ने ऑफलाइन सामग्री से इस परीक्षण का डेटा और उसकी जांच के लिए इस्तेमाल होने वाली स्क्रिप्ट हासिल की तथा सवालों के जवाब तलाशे। जब इससे भी उसे सही जवाब नहीं मिला तो उसने यह पता लगाने की कोशिश की कि क्या वह किसी तरह इंटरनेट तक पहुंच सकता है।

एआई एजेंट को एक व्यक्ति की जानकारी खोजनी थी

कंपनी ने कहा कि वह इस विशेष मॉडल का प्रशिक्षण दोबारा शुरू नहीं करेगी, हालांकि उसकी मौजूदा व्यवस्था ने इस व्यवहार के लिए मॉडल को पहले ही नकारात्मक अंक दिए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना 20 सितंबर को एक ऐसे प्रशिक्षण कार्य के दौरान हुई जिसमें एआई एजेंट को एक व्यक्ति के बारे में इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी खोजनी थी। उस व्यक्ति ने एक ब्लॉग पोस्ट प्रकाशित की थी और एजेंट को उसकी पहचान करने के लिए कुछ जीवनी संबंधी जानकारियां तथा ब्लॉग पोस्ट से जुड़े संकेत दिए गए थे।

कंपनियां पांच से आठ प्रतिशत तक कीमत बढ़ाने की तैयारी कर रही

त्योहारी सीजन से पहले बढ़ेंगे एसी, टीवी और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के दाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले देश में एयर कंडीशनर (एसी), एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान महंगे हो सकते हैं। प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां तांबा, इस्पात जैसे कच्चे माल की कीमतों में तेजी के मद्देनजर अपने उत्पादों के दाम पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

> ■ तांबा, इस्पात जैसे कच्चे माल की कीमतों में तेजी के कारण होगी वृद्धि

कंपनियों के मुताबिक, तांबा, एल्युमिनियम, इस्पात, प्लास्टिक और कच्चे तेल से जुड़े उत्पादों की बढ़ती लागत के साथ-साथ माल ढुलाई खर्च और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है। इस साल यह तीसरी मौका होगा जबकि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां दाम बढ़ाएंगी।

एसी में 8 फीसदी तक दाम बढ़ने की संभावना

एयर कंडीशनर की कीमतों में जहां करीब पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है, वहीं कुछ कंपनियां वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एलईडी टीवी के दाम तीन से चार प्रतिशत बढ़ाने जा रही हैं। हालांकि, कुछ कंपनियां अभी स्थिति का आकलन कर रही हैं।



दिसंबर-जनवरी में भी कीमतें बढ़ाई जा सकती है

अन्य उत्पादों, जैसे एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन, की कीमतों में भी दो से तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कच्चे माल की लागत बढ़ती रही, तो दिसंबर और जनवरी में भी कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। सतीश के मुताबिक, तांबे की कीमत पिछले साल के करीब 8,000-9,000 डॉलर प्रति टन से बढ़कर लगभग 14,500 डॉलर तक पहुंच गई है।

कीमत बढ़ाने से मांग पर असर पड़ सकता है

कई कंपनियों का मानना है कि कीमत बढ़ाने से मांग पर असर पड़ सकता है। वहीं कुछ अन्य की राय है कि कीमत वृद्धि का असर सीमित रहेगा, क्योंकि डीलर और वितरकों के पास पहले ही पुराने दाम का स्टॉक है। ब्लू स्टार, गोदरेज अप्लायंसेज, हायर, डइकिन और सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स समेत कई कंपनियां विभिन्न श्रेणियों में कीमतें बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

पैनासोनिक अभी स्थिति का आकलन कर रही

एलजी और बॉश होम कम्फर्ट, जो हिताची ब्रांड के एयर कंडीशनर का कारोबार करती है, ने भी एसी की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। पैनासोनिक अभी कीमत बढ़ाने को लेकर स्थिति का आकलन कर रही है। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने कहा कि बढ़ती जिंस कीमतों के कारण एसी और डीप फ्रीजर की कीमतें पहले ही पांच से आठ प्रतिशत बढ़ाई जा चुकी हैं।

जिंस की कीमत में 8 से 10 फीसदी की वृद्धि हो चुकी

त्यागराजन ने कहा कि तांबा, इस्पात और प्लास्टिक समेत विभिन्न कच्चे माल के दाम चढ़ गए हैं और कंपनी इस साल अब तक तीन बार कीमतें बढ़ा चुकी है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि पिछली कीमत समीक्षा के बाद जिंस की लागत में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

हायर 1 अक्टूबर से एसी की कीमत 5 फीसदी बढ़ाएगी

ऐसे में विभिन्न श्रेणियों में पांच से सात प्रतिशत तक की कीमत वृद्धि अपरिहार्य हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पुराने दाम पर खरीदा गया स्टॉक अब करीब एक से डेढ़ महीने तक बाजार में उपलब्ध रह सकता है। हायर इंडिया के अध्यक्ष एन.एस. सतीश ने कहा कि कंपनी एक अक्टूबर से एयर कंडीशनर की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

एसबीआई डिजिटल विस्तार के साथ ग्राहकों के हितों की रक्षा भी करेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा है कि बैंक की वृद्धि यात्रा का मूल मंत्र 'डिजिटल फर्स्ट, कस्टमर फर्स्ट, नेशन ऑलवेज' है। उन्होंने कहा कि एसबीआई का लक्ष्य डिजिटल प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ ग्राहकों के हितों की रक्षा करना और देश की अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका को और मजबूत करना है। शेट्टी ने कहा कि पिछले दो साल के दौरान बैंक ने पूंजी आधार मजबूत करने, वित्तीय क्षेत्र में अपनी भूमिका गहरी करने और डिजिटल तथा ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग व्यवस्था विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में पूंजी जुटाने, एसबीआई म्यूचुअल फंड की सूचीबद्धता और यस बैंक से जुड़े मामले में बैंक की रणनीतिक भूमिका को गिनाया। हालांकि, उनके अनुसार बैंक में हो रहे कई महत्वपूर्ण बदलाव ऐसे हैं, जिनके परिणाम आने वाले वर्षों में अधिक स्पष्ट दिखाई देंगे। शेट्टी ने कहा कि एसबीआई के लिए डिजिटल बदलाव केवल प्रौद्योगिकी अपनाने तक सीमित नहीं है।

> ■ चेयरमैन ने कहा, अर्थव्यवस्था में बैंक की भूमिका मजबूत करना है

प्लैटिनम जुबली के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं

बैंक अपनी पारंपरिक संबंध-आधारित बैंकिंग व्यवस्था को डिजिटल नवोन्मेषण के साथ जोड़कर आगे बढ़ेगा। शेट्टी ने कहा कि एसबीआई का कुल कारोबार 2030 तक दोगुना होकर 200 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। हालांकि बैंक ने अपनी 'प्लैटिनम जुबली' के लिए कोई औपचारिक कारोबार लक्ष्य तय नहीं किया है।

वर्ष 2030 तक कारोबार 200 करोड़ तक पहुंच सकता है

चेयरमैन ने कहा कि मौजूदा वृद्धि दर को देखते हुए 2030 तक बैंक का कुल कारोबार करीब 170-180 लाख करोड़ रुपये हो सकता है और यह आंकड़ा 200 लाख करोड़ रुपये तक भी पहुंच सकता है। एसबीआई की स्थापना एक जुलाई, 1955 को संसद के कानून के तहत हुई थी। जून, 2026 के अंत तक बैंक का कुल कारोबार बढ़कर 110.01 लाख करोड़ रुपये रहा था।

सोने-चांदी में फिर उतार-चढ़ाव की आशंका

नई दिल्ली। सोने और चांदी में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के आर्थिक आंकड़े, पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर इसका असर बहुमूल्य धातुओं की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। छुट्टियों के कारण छोटा कारोबारी सप्ताह होने के बीच बाजार की नजर अमेरिका के उपभोक्ता विश्वास, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। यूरोजोन की मुद्रास्फीति, विनिर्माण पीएमआई, फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के बयान और अमेरिकी रोजगार आंकड़े भी बाजार को दिशा देंगे। एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस एवं मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार की नजर अमेरिकी गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगी, जो अक्टूबर में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 3,500 रुपये यानी करीब 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी का वायदा भाव भी 6,907 रुपये यानी तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 2.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर रहा।



कच्चे तेल के दाम तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में आगामी कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान निवेशकों की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत और कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक बाजारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी। 'गांधी जयंती' के मौके पर शुक्रवार दो अक्टूबर को शेयर बाजार में अवकाश रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत में प्रगति और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने से जुड़ी किसी रूपरेखा से ऊर्जा कीमतों में नरमी आ सकती है। इससे भारत के आयात बिल और रुपये पर भी दबाव कम हो सकता है। वहीं, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने पर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।''

नौ कंपनियों ने सेबी में आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए

नई दिल्ली। ट्रांस एसीएनआर सॉल्यूशंस और महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस समेत नौ कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। ये कंपनियां कारोबार विस्तार, कर्ज चुकाने और अन्य कारोबारी जरूरतों के लिए पूंजी जुटाना चाहती हैं। ट्रांस एसीएनआर सॉल्यूशंस ने गोपनीय प्रक्रिया के तहत दस्तावेज जमा किए हैं, जबकि महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस, जगजीत एग्री इंजीनियरिंग, जय पार्वती फोर्ज, कूलकिंग इंडस्ट्रीज इंडिया, साई इन्फिनियम, एसजी एनकॉन, माउंट एवरेस्ट बूअरीज और अल्ट्रावाइब्रेंट इंटिग्रेटेड एनर्जी ने सेबी के पास सामान्य तरीके से मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। इन कंपनियों ने 21 से 26 सितंबर के बीच दस्तावेज दाखिल किए। प्रस्तावित आईपीओ से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल कारोबार विस्तार, कार्यशील पूंजी की जरूरतों, कर्ज चुकाने और सामान्य कारोबारी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

बिजनेस साइट

मारुति स्विफ्ट माइलेज रैली में अजय सिंह ने हासिल किया 41.6 किमी/लीटर माइलेज



रायपुर। मारुति सुजुकी के स्थानीय डीलरशिप नेटवर्क की ओर से रविवार को रायपुर में 'स्विफ्ट माइलेज रैली' का आयोजन किया गया। आयोजन में कार प्रेमियों और स्विफ्ट ग्राहकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली का उद्देश्य वास्तविक ड्राइविंग परिस्थितियों में स्विफ्ट की ईंधन दक्षता और परफॉर्मेंस को प्रदर्शित करना था।

> ■ 35 स्विफ्ट कारों के साथ 125 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

रैली में 35 स्विफ्ट कारों के साथ 125 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें मारुति सुजुकी के अधिकारियों और डीलरशिप टीम के सदस्यों ने भी भागीदारी की। प्रतिभागियों ने शहर और हाईवे को शामिल करते हुए निर्धारित मिश्रित रूट पर कारें चलाईं। आयोजन के दौरान वाहनों की ईंधन दक्षता को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मापा गया। रैली में अजय सिंह ने 41.6 किमी/लीटर का माइलेज दर्ज कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस आंकड़े के साथ उन्होंने आयोजन में सबसे बेहतर ईंधन दक्षता प्रदर्शन किया। आयोजकों के अनुसार, माइलेज रैली का उद्देश्य ग्राहकों को स्विफ्ट की ईंधन दक्षता को वास्तविक सड़क परिस्थितियों में अनुभव कराना था।

लॉन्ग जंप: एंसी सोजन ने जीती चांदी, महज 2 सेंटीमीटर से फिसला सोना



एजेंसी ▶▶ नागोया

एशियन गेम्स 2026 में भारत को एंसी सोजन ने महिलाओं की लॉन्ग जंप स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। वह महज 2 सेंटीमीटर से स्वर्ण पदक से चूक गईं। इसी स्पर्धा में भारत की शैली सिंह चौथे स्थान पर रही। भारत की दोनों ही एथलीट्स को उनकी आखिरी जंप में नुकसान हुआ। चीन की यिंगयिंग हुआंग ने 6.55 मीटर की जंप के साथ स्वर्ण पदक जीता तो मेंगयी टेन ने 6.46 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शैली की जंप 6.42 मीटर की रही थी। वह 4 सेंटीमीटर से चौथे स्थान पर फिसल गई।

चीनी लॉन्ग जंपर आखिरी छलांग से पहले तक दूसरे स्थान पर थी। उन्होंने आखिरी कोशिश में 6.55 मीटर की जंप की। सोजन इससे दूसरे स्थान पर आई। उनके पास आखिरी कोशिश में मौका था लेकिन उनकी आखिरी जंप 6,49 की रही। इससे स्वर्ण पदक चीनी एथलीट के नाम हो गया।



तीन मुक्केबाजों ने किए पदक पक्के

निशियो। भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा, अंकुश पंघाल और नरेंदर बेरवाल ने रविवार को क्वार्टरफाइनल में शानदार जीत दर्ज कर देश के लिए तीन पदक पक्के किए जबकि सचिन सिवाच का अभियान अंतिम आठ चरण में समाप्त हो गया। अंकुश ने पुरुषों के 80 किग्रा क्वार्टरफाइनल में ताजिकिस्तान के नेकरूज सालिमोव के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज कर शुरुआत की। नरेंदर (90 किग्रा से अधिक) ने पिछले चरण के अपने कांस्य पदक में एक और पदक जोड़ लिया। परवीन ने उज्बेकिस्तान की नवबखोर खामिदोवा को हराकर महिलाओं के 65 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बनाई। हरियाणा की मुक्केबाज का यह पहला मुकाबला था क्योंकि पिछले दौर में उन्हें वॉकओवर मिला था। लेकिन परवीन ने खामिदोवा पर मुक्कों की झड़ी लगाते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

200 मीटर दौड़ : हरिता ने जीता ब्रॉन्ज



भारत ने रविवार को एशियन गेम्स आइची-नागोया में स्प्रिंट इवेंट्स का समापन महिलाओं और पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में अलग-अलग नतीजों के साथ किया। एक ओर, हरिता भद्रा ने कड़े मुकाबले में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि अनिमेष कुजूर पुरुषों की रेस में पांचवें स्थान पर रहे। हरिता भद्रा ने 23.20 सेकंड का समय लेकर महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, सिंगापुर की वेरोनिका शांति परेरा ने (22.78 सेकंड) गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि चीन की चेन युजी 22.93 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। 23 वर्षीय हरिता इस कॉन्टिनेंटल इवेंट में 200 मीटर में मेडल जीतने वाली छठी भारतीय महिला भी बन गईं। महाराष्ट्र की स्प्रिंटर हरिता भद्रा ने 65वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने पर्सनल बेस्ट (23.14 सेकंड) के साथ नेशनल टाइटल जीता था, जिसके बाद वह इन गेम्स में उतरी थीं।

महिला स्टीपलचेज : पारुल ने कांस्य पदक किया अपने नाम



भारतीय एथलीट पारुल चौधरी ने महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पारुल ने 9 मिनट 8.67 सेकेंड का अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक हासिल किया। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने नौ मिनट 4.36 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान की नोराह जेरुतो तनुई ने नौ मिनट 06.82 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली एक अन्य भारतीय एथलीट अंकिता 9 मिनट 19.24 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

ऊंची कूद : कुशारे ने लगाई 2.25 मीटर की जंप, जीता सिल्वर



भारत के सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत पदक जीता। उन्होंने 2.25 मीटर की जंप के साथ यह मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले चीनी ताइपे के फु चाओ हुसान ने भी 2.25 मीटर का जंप किया। लेकिन उन्होंने पिछली जंप बिना फाउल के जरिए पूरी की थी। इससे भारत के हाथ से स्वर्ण पदक निकल गया। सर्वेश कुशारे ने 2.10 मीटर की जंप के साथ शुरुआत की। फिर बिना किसी दिक्कत के 2.14, 2.18 और 2.22 मीटर की छलांग लगाई। 2.25 मीटर की छलांग की पहली कोशिश में वे नाकाम रहे। मगर दूसरे प्रयास में सफल रहे। इसके बाद 2.28 मीटर का बैरियर रखा गया। मगर तीनों ही कोशिश में सर्वेश को सफलता नहीं मिली। चीनी ताइपे के फु चाओ ने भी 2.10 मीटर से शुरुआत की। 2.18 मीटर की छलांग उन्होंने दो कोशिश में पूरी की. 2.22 मीटर और 2.25 मीटर उछलने में उन्हें समस्या नहीं हुई। वे भी तीन कोशिश के बावजूद 2.28 मीटर की छलांग नहीं लगा सके।

डेकाथलन : तेजस्विन ने जीता कांस्य पदक



भारतीय ट्रैक एवं फील्ड क स्टार खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता की अंतिम स्पर्धा 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज करके यह पदक हासिल किया। तेजस्विन ने 7,934 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने 100 मीटर, लंबी कूद, गोला फेंक, ऊंची कूद और 400 मीटर में शानदार प्रदर्शन के दम पर पहले दिन 4,338 अंक जुटाए थे और दूसरे दिन की शुरुआत शीर्ष स्थान से की थी। दो दिन में हुई 10 स्पर्धाओं में तेजस्विन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिर के लिए बचाकर रखा। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ चार मिनट 33.09 सेकेंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में उन्होंने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भी कांस्य पदक जीता था।

महिला हॉकी: भारत का विजय अभियान जारी, सिंगापुर को हराया

काकामिगाहारा। सुनेलिता टोप्पो के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियाई खेलों के अपने अंतिम पूल बी मैच में सिंगापुर को 7-0 से रौंद दिया, जिससे अब सेमीफाइनल में उसका सामना कोरिया से होगा। भारत ने पांच मैच में पांच जीत के साथ पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब सेमीफाइनल 30 सितंबर को होगा। भारत के लिए कप्तान सलीमा टेटे (17वें मिनट), सुनेलिता (22वें, 24वें), लालरेमसियामी (26वें), रुतुजा दादासो पिसाल (29वें), निक्की प्रधान (35वें) और दीपिका (55वें) ने गोल किए। गत चैंपियन और मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान जापान से भिड़ेगा। सिंगापुर ने पहले क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारत ने दबदबा बनाए रखा। सिंगापुर ने भारत के शुरुआती आठ पेनल्टी कॉर्नर नाकाम किए। दूसरे क्वार्टर में सलीमा ने मैदानी गोल से भारत का खाता खोला। इसके बाद सुनेलिता ने दो गोल किए जबकि ललरेमसियामी और रुतुजा ने भी गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले दीपिका ने शानदार फ्लिक से सातवां गोल किया।

■ सेमीफाइनल में कोरिया से मुकाबला

वनडे सीरीज : कोहली और गिल का शतक भारत ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ उसने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 295/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में भारतीय टीम ने केवल 2 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान टीम ने जस्टिन ग्रीव्स (101), जॉन कैंपबेल (62), अमीर जांगू (58) की पारियों की मदद से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। कुलदीप यादव ने 4 विकेट अपने नाम किए थे। जवाब में भारत ने कप्तान शुभमन गिल (110) और विराट कोहली (139*) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर 41.4 ओवर में ही 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज का कोई भी गेंदबाज अपनी छाप नहीं छोड़ पाया।

कोहली बने सबसे तेज 15,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज

कोहली ने अपने वनडे करियर में 315वें मैच की 303 पारियों में 15 हजार रन पूरे किए। उन्होंने लगभग 60 की औसत के साथ ये आंकड़ा छुआ। कोहली वनडे प्रारुप में फिलहाल दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। सिर्फ सचिन तेंदुलकर ही उनसे अधिक रन बना चुके हैं। बता दें कि पूर्व महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने अपने वनडे करियर का अंत 18,426 रन के साथ किया था। तेंदुलकर और कोहली के बाद इस सूची में कुमार संगाकारा (14,234) हैं।

गिल ने लगाया 10वां शतक

गिल ने 108 गेंदों का सामना किया और 110 रन बनाए। उनके बल्ले से 13 चौके और एक छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 101.85 की रही। यह उनके वनडे करियर का 10वां और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला ही शतक रहा है, जिसे उन्होंने 96 गेंदों में पूरा किया। इस पारी के दौरान गिल ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर वनडे क्रिकेट में अपने 3,000 रन भी पूरे किए। उन्होंने 61 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की।

विराट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 10 शतक पूरे किए

कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 वनडे मैचों में 2,350 से रन बनाए हैं, जिसमें 10 शतक शामिल हैं। कोहली वनडे में 2 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 10-10 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। श्रीलंका के खिलाफ उनके नाम पहले से ही 10 शतक हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी यह कारनामा कर चुके हैं।

कोहली ने लगाया 55वां शतक

कोहली ने साल 2008 में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे करियर का आगाज किया था। वह अब तक 315 मैच की 303 पारियों में लगभग 60 की औसत के साथ 15,000 से अधिक रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 79 अर्धशतक के साथ रिकॉर्ड 55 शतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 183 रन का है। वह अपने इस बेमिसाल वनडे करियर में 170 से अधिक छक्के लगा चुके हैं।

कुलदीप ने 10वीं बार लिया 4 विकेट हॉल

कुलदीप ने 10 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन के साथ सिर्फ 40 रन खर्च करते हुए 4 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 4 की रही। ये उनके वनडे करियर का 10वां 4 विकेट हॉल रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ कुलदीप ने दूसरी बार 4 विकेट हॉल लिया है। इस टीम के खिलाफ उन्होंने 20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 19 पारियों में 20.27 की औसत से 37 विकेट लेने में सफल रहे हैं।

ग्रीव्स ने पहले शतक से कर दिया कमाल

ग्रीव्स ने 104 गेंदों में अपना शानदार शतक पूरा किया। वह 108 गेंदों में 101 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर आउट हुए। उनके बल्ले से 12 चौके निकले। ग्रीव्स ने 32 साल और 213 दिन की उम्र में पहला वनडे शतक लगाया। वह वनडे में पहला शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।

दूसरा वनडे : साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶ जोहान्सबर्ग

साउथ अफ्रीका ने कप्तान टेंबा बावुमा और डेविड मिलर की शतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 32 रन से जीत हासिल की। इसी के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। वांडरर्स स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 9 विकेट खोकर 365 रन बनाए। बावुमा 116 गेंदों में 2 छक्कों और 10 चौकों के साथ 103 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मिलर ने 93 गेंदों में 142 रन जड़े। उनकी इस पारी में 9 छक्के और 12 चौके शामिल रहे। इनके अलावा, डुआन जानसेन ने नाबाद 27 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 49.5 ओवरों में 333 रन पर सिमट गई। कप्तान मिचेल मार्श ने ट्रेविस हेड के साथ 17 ओवरों में 130 रन की साझेदारी की। मार्श 53 गेंदों में 5 छक्कों और 10 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हेड ने 76 गेंदों में 13 बाउंड्री के साथ 84 रन की पारी खेली।

इंग्लैंड के 355 के जवाब में श्रीलंका 132 रन पर ढेर

इंग्लैंड ने की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम

एजेंसी ▶▶ लंदन



इंग्लैंड की टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के अंतिम और निर्णायक मुकाबले में 223 रनों की विशाल जीत दर्ज की है। इस एकतरफा मुकाबले में जीत हासिल करने के साथ ही इंग्लैंड ने वनडे सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

द ओवल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 355 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम महज 29.1 ओवरों में 132 रनों पर ढेर हो गई।

बैटन ने ठोका शानदार शतक

इंग्लैंड की इस विशाल पारी की नींव ओपनिंग बल्लेबाज टॉम बैंटन ने रखी, जिन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए ताबड़तोड़ शतक जड़ा। बैंटन ने 105 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 126 रनों की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा मध्यक्रम में कप्तान हैरी ब्रुक ने 66 गेंदों में 77 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने 52 गेंदों में 76 रनों का तेज तर्रार योगदान दिया। निचले क्रम में विल जैक्स (25 रन) और जेमी ओवरटन (नाबाद 21 रन) की उपयोगी पारियों के दम पर इंग्लैंड 355 के स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा।

पुरुष टीम ने जीता ओपन सिल्वर, महिला टीम के नाम ब्रॉन्ज

चेस ओलंपियाड : भारत का शानदार प्रदर्शन, जीते दो पदक

एजेंसी ▶▶ समरकंद

भारत ने 46वें चेस ओलंपियाड 2026 का समापन दो मेडल के साथ किया। रविवार को खेले गए आखिरी राउंड के मुकाबलों में ड्रॉ के बाद पुरुष ओपन टीम ने सिल्वर, जबकि महिला टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

भारतीय ओपन टीम हंगरी के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर रही। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को हंगरी के ग्लेब डुडिन से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अर्जुन एरिगासी ने पीटर लेको को हराकर भारत को प्वाइंट्स दिलाने में मदद की।



उज्बेकिस्तान ने जीता दूसरा खिताब

मेजबान उज्बेकिस्तान ने आखिरी राउंड में यूक्रेन को 2.5-1.5 से हराकर ओपन सेक्शन में गोल्ड मेडल जीता। मुखिद्दीन मदामिनोव ने रोमन देहतिआरोव को मात देकर उज्बेकिस्तान के लिए निर्णायक जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान ने भारत और जर्मनी से दो प्वाइंट्स आगे रहकर अपना दूसरा चेस ओलंपियाड खिताब जीता। भारत ने टाई-ब्रेक पर सिल्वर मेडल जीता, जबकि जर्मनी ने नीदरलैंड्स को 2.5-1.5 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। जर्मनी की जीत में मैथियास ब्लूबाउम ने जॉर्डन वैन फॉरेस्ट को हराया।

सविता श्री ने खेला ड्रा

भारतीय महिला टीम भी जॉर्जिया के खिलाफ आखिरी राउंड के मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद पोडियम पर रही। सविता श्री ने भारत के लिए अहम नतीजा हासिल किया। मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने जॉर्जिया की मेरी अराबिद्जे के साथ मैच ड्रॉ कराया। यह नतीजा भारत के तीसरे स्थान पर रहने और ब्रॉन्ज मेडल जीतने के लिए काफी था। भारत ने टाई-ब्रेक पर अमेरिका, पोलैंड, आर्मेनिया और मंगोलिया से आगे रहकर महिला वर्ग का ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस प्रतिष्ठित टीम इवेंट में भारत के शानदार प्रदर्शन का समापन 'डबल पोडियम फिनिश' के साथ हुआ, जिसमें ओपन और महिला, दोनों ही टीमों ने दुनिया की शीर्ष तीन टीमों में जगह बनाई।



नासा ने 6 साल स्पेस में रहे 1.25 करोड़ टमाटर के बीजों को 40 देशों में बोया

वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1984 में टमाटर के करोड़ों (1.25 करोड़) बीज अंतरिक्ष में भेजे थे, वे छह साल बाद 1990 में पृथ्वी पर वापस लाए गए तो उन्हें छात्रों के बीच प्लांट किट के तौर पर बांटा गया। ऐसे में ये बीज दुनिया के 40 देशों के करीब 40,000 स्कूलों में बोए गए। इसका मकसद यह पता लगाना था कि क्या अंतरिक्ष के माहौल में रहने से बीजों के अंकुरण और पौधों की बढ़त पर कोई असर पड़ता है। रिसर्च में काफी दिलचस्प नतीजे सामने आए। नासा के इस प्रोजेक्ट का नाम 'छात्रों के लिए विकसित अंतरिक्ष प्रयोग' यानी छात्रों के लिए अंतरिक्ष में किए जाने वाले प्रयोग था। इसमें नासा हेडक्वार्टर, लैंगली रिसर्च सेंटर और अमेरिका में बीजों की पारंपरिक सप्लायर कंपनी 'जॉर्ज डब्ल्यू. पार्क सीड' शामिल थीं।

बीजों की वापसी

इन बीजों की वापसी के बाद योजना के अनुसार प्रोजेक्ट का शैक्षिक चरण शुरू हुआ। नासा की एक शैक्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 40,000 स्कूलों में शिक्षकों को करीब 1,32,000 प्लांटिंग किट बांटी गईं, जो 33 लाख छात्रों तक पहुंचीं। इसमें अमेरिका के सभी 50 राज्य, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया और दुनिया के 30 अन्य देश शामिल थे। हर किट में बीजों के दोनों समूह थे। वे बीज जिन्होंने अंतरिक्ष में लगभग छह साल बिताए थे और वे जिन्हें उतने ही समय तक नियंत्रित वातावरण में रखा गया था। दूसरे समूह को विज्ञान की भाषा में 'कंट्रोल' कहा जाता है।

दुनिया के अनोखे प्रोजेक्ट से दिलचस्प नतीजे आए सामने



छात्रों ने क्या देखा

छात्रों ने नोट किया कि कितने बीज अंकुरित हुए, पहला अंकुर निकलने में कितना समय लगा और हफ्तों के दौरान पौधे कैसे बढ़े। उन्होंने फूलों के दिखने, फल बनने और पत्तियों व तनों की हालत को भी नोट किया। नोट किया गया डेटा नासा को भेजा गया, जिसने एनालिसिस के लिए जानकारी को इकट्ठा किया। एजेंसी को पूरी क्लास की तरफ से करीब 8,000 रिपोर्ट मिलीं। डेटा से पता चला कि स्पेस के बीजों के अंकुरण की दर 73.8%, जबकि पृथ्वी के बीजों के लिए 70.3% थी। वापस लाने के बाद पहले छह महीनों में किए गए टेस्ट में स्पेस के बीजों में औसतन 8 दिनों में अंकुरण हुआ, जबकि पृथ्वी के बीजों में 8.3 दिन लगे।

क्यों किया गया प्रयोग

इस प्रयोग के पीछे आइडिया यह था कि बीजों का एक ग्रुप अंतरिक्ष में भेजा जाए और एक ग्रुप पृथ्वी पर रखा जाए। फिर एक जैसे बीजों के दोनों सेट स्कूलों में बांटे जाएं ताकि छात्र उन्हें अगल-बगल उगा सकें और नतीजों की तुलना कर सकें। सभी 1.25 करोड़ बीज 'रटगर्स कैलिफोर्निया सुप्रीम' किस्म के थे, जो अमेरिका में उगाई जाने वाली टमाटर की एक आम किस्म है। इस बीज को इसलिए चुना गया था, क्योंकि एक ही किस्म का इस्तेमाल करने से जेनेटिक अंतर के कारण नतीजों में गड़बड़ी नहीं होती। जिन उपकरणों से बीजों को अंतरिक्ष में ले जाया गया, वह 'लॉन्ग इयूरेशन एक्सपोजर फैसिलिटी' था। यह 12 तरफ वाला बेलनाकार ढांचा था, जिसका वजन 9.7 टन था। इसे अंतरिक्ष में स्थिर रहने के लिए डिजाइन किया गया था।

रोचक खबरें



अमेजन के जंगल में 38 साल से अकेले रह रहा चीको

ब्रासीलिया। ब्राजील में, अमेजन जंगलों के बीचों-बीच, चीको नाम का एक शख्स पिछले 38 सालों से बिल्कुल अकेला रह रहा है। हैरानी की बात है कि 'हरा नर्क' कहे जाने वाले दुनिया के सबसे बड़े ट्रॉपिकल रेनफॉरेस्ट में, चीको ने ना सिर्फ खुद को जिंदा रखा है, बल्कि बाहरी दुनिया, इंटरनेट और पैसों से दूर रहकर भी अपने खाने-पीने की जरूरतों के लिए 1500 से ज्यादा पेड़ लगाकर अपना खुद का 'सुपरमार्केट' तैयार किया है।

'यस स्टोरी' नाम की विदेशी डॉक्यूमेंट्री टीम ने हाल ही में चीको तक पहुंचकर उनकी इस अनोखी दुनिया का वीडियो दुनिया के सामने रखा है, जो इस समय इंटरनेट पर वायरल हो रही है। इसी में चीको बताते हैं कि इतने साल जंगल में रहना आसान नहीं था और उन्हें हर वक्त सतर्क करना पड़ता था। इन 38 सालों में 3 बार ऐसा हुआ जब जैगुआर ने उन पर अटैक किया, लेकिन किस्मत से वो उन्हें मारकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे।

स्टार वॉर्स की होगी वापसी ?

अमेरिका, चीन कर रहे हैं 'अंतरिक्ष युद्ध' की तैयारी, भारत बन रहा बड़ा प्लेयर

वॉशिंगटन। अमेरिकी एयरफोर्स सेक्रेटरी ट्रॉय मींक ने कहा है कि उनके देश के पास अब ऑन-ऑर्बिट स्पेस कंट्रोल हथियार हैं, जो दुश्मन की कार्रवाई से जॉइंट फोर्स की रक्षा कर सकते हैं। इस पर स्पेस ऑपरेशन्स के नए चीफ जनरल डगलस शीस ने कहा कि गार्डियंस (अमेरिकी स्पेस फोर्स के सदस्य) पहले से ऐसे सिस्टम ऑपरेट कर रहे हैं। इन दोनों ने हार्डवेयर, ऑर्बिट या पहली उड़ान की तारीख का नाम नहीं बताया, लेकिन माना कि युद्ध की दुनिया अब आखिरी मोर्चे (स्पेस) में पहुंच गया है। इसमें खासतौर से चीन और अमेरिका हैं तो वहीं भारत भी एक ताकत बन रहा है। फर्स्टपोस्ट के मुताबिक, गोल्डन डोम ऑर्बिटल वॉरफेयर (स्पेस युद्ध) के विचार को साइंस फिक्शन से असल मिलिट्री हार्डवेयर में बदल रहा है। गोल्डन डोम एक स्पेस-बेस्ड इंटरसेप्टर है, जो हाइपरसोनिक मिसाइलों और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों को बूस्ट या मिड-कोर्स फ्लाइट के दौरान नष्ट कर सके। इसमें टारगेट बताने वाले सैटेलाइट का ग्रुप शामिल है, जिसके पहले सैटेलाइट्स इसी महीने लॉन्च होने वाले हैं।

अमेरिकी की बड़ी कामयाबी

अमेरिका में उड़ान के लिए तैयार इंटरसेप्टर हार्डवेयर आक्रामक स्पेस-बेस्ड क्षमताओं का आधार बनते हैं। यह सब एक साल से भी कम समय में कॉन्ट्रैक्ट से असल हार्डवेयर तक पहुंच गया है। इसकी शुरुआती क्षमता 2028 तक मिलने की उम्मीद है। स्पेस कंट्रोल की सार्वजनिक भाषा में हमला और बचाव दोनों शामिल हैं। आसान शब्दों में कहें तो सिस्टम को अमेरिका ऐसी टेक्नोलॉजी के साथ तैनात कर सकता है, जो पहले उड़ चुकी हैं या जिनके डेवलपमेंट का काम पूरा हो चुका है। नॉन-काइनेटिक टूल्स ऐसे हार्डवेयर पर लगते हैं, जो आम सैटेलाइट्स जैसे दिखते हैं। रेडियो-फ्रीक्वेंसी जैमर और स्पूफर कम्युनिकेशन लिंक को जाम कर देते हैं, लेजर डैजलर जो ऑप्टिकल सेंसर को बेकार कर देते हैं और साइबर पेलोड जो कमांड चेन पर कब्जा कर लेते हैं।



अंतरिक्ष होड़ में भारत की क्या भूमिका है?

नई दिल्ली के पास पहले से ही कई ऐसी प्रौद्योगिकियां मौजूद हैं, जो नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम को अंतरिक्ष-विरोधी क्षमता में बदल सकती हैं। भारत उसी अंतरिक्ष में है, लेकिन उसका टाइम-टेबल अलग है और उसके पास एक ऐसा प्राइवेट सेक्टर है जो एक दशक पहले नहीं था। इसका एक अनकहा मकसद कुछ बड़े प्लेटफॉर्म्स पर होने वाले पहले हमले (फर्स्ट स्ट्राइक) से बचाव के लिए बैकअप तैयार करना है। भारत स्पेस इंटरडिक्शन (अंतरिक्ष में दुश्मन की कार्रवाई रोकने) के लिए हार्डवेयर पर पैसा खर्च कर रहा है। दो डिजाइन पर काम चल रहा है। एक में रोबोटिक आर्म होती है, जो दुश्मन माने जाने वाले स्पेसक्राफ्ट को पकड़कर दूर ले जा सकती है। दूसरा तरीका घुसपैठिए को घेरने और उसे रास्ते से हटाने के लिए छोटे ग्रुप का इस्तेमाल करता है।

चीन की कितनी तैयारी

चीन अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उसने एक दशक से अधिक समय तक उपग्रहों को पकड़ने का अभ्यास किया है। 2016 में उसके उपग्रह शिजियान-17 ने एक रोबोटिक आर्म को कक्षा में स्थापित किया। जनवरी 2022 में शिजियान-21 ने एक निष्क्रिय बेइडौ नेविगेशन उपग्रह से मिलन किया, उसे पकड़ा और उसके अवशेष को हजारों किलोमीटर दूर एक निष्क्रिय कक्षा में खींचकर वापस पृथ्वी की परिक्रमा बेल्ट में ले आया। चीनी सैन्य-संबद्ध विश्वविद्यालयों के पेटेंट और खरीद दस्तावेजों में पीछा करने वाले उपग्रहों और जालों का जिक्र है। जमीन पर स्थित डायरेक्ट-एनर्जी और इलेक्ट्रॉनिक-वॉरफेयर साइटें एक स्तरित किट को पूरा करती हैं। आधिकारिक तौर पर चीन ने अमेरिका पर नई हथियारों की होड़ शुरू करने का आरोप लगाया है। फिर भी अंतरिक्ष में हथियारों की उलटी गिनती चीनी तरीके से चल रही है।

गरीबों के मसीहा बने 81 साल के डॉक्टर

अहमदाबाद। सोचिए, अगर डॉक्टर की फीस आपकी बीमारी नहीं, बल्कि आपकी जेब तय करने लगे, तो कैसा रहेगा? कुछ ऐसा ही अनोखा और दिल छू लेने वाला काम कर रहे हैं गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाले 81 साल के ईएनटी सर्जन, डॉ. नंदलाल मनसेटा। इस उम्र में जहां लोग आराम की जिंदगी चुनते हैं, डॉ. मनसेटा मरीजों की सेवा में दिन-रात जुटे हैं। उनके क्लिनिक का नियम बहुत सीधा और सच्चा है- 'जितनी कमाई, उतनी दवाई की फीस' और कमाल की बात देखिए, इसके लिए वे कोई इनकम सर्टिफिकेट या कागजात नहीं मांगते। वे सिर्फ इंसान के भरोसे और उसकी ईमानदारी पर यकीन करते हैं। मरीज आता है, इलाज कराता है और अपनी हैसियत के हिसाब से क्लिनिक में रखे एक छोटे से डोनेशन बॉक्स में पैसे डाल देता है।



9 साल की उम्र में पूरी गीता और 4000 संस्कृत श्लोक मुंह जुबानी याद

बेंगलुरु। जब हम और आप नौ साल की उम्र में यह तय कर रहे होते थे कि आज शाम कौन सा खेल खेलना है या कौन सा कार्टून देखना है, तब एक बच्चा ऐसा भी है जो सदियों पुराने ज्ञान और आज की सुपर-फास्ट टेक्नोलॉजी के बीच एक अनोखा पुल तैयार कर रहा था। यह कहानी बेंगलुरु के रहने वाले 9 साल के वृषवर्धन शर्मा की है। इस छोटे से उस्ताद ने वो कर दिखाया है, जिसे सुनकर बड़े-बड़े सूरमा भी दांतों तले उंगली दबा लें। कहते हैं कि 'पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं।' वृषवर्धन ने सिर्फ पांच साल की उम्र में, जब बच्चे ठीक से बोलना सीख रहे होते हैं, पूरी श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 700 श्लोक अपनी लगन से याद कर लिए। लेकिन, कहानी यहीं नहीं रुकी। आठ साल की उम्र तक आते-आते उन्होंने महर्षि पाणिनि की अष्टाध्यायी के करीब 4,000 जटिल सूत्र और अमरकोश भी जुबानी याद कर लिए।



कॉलेज के छात्रों को दी शिकस्त

इस असाधारण प्रतिभा के दम पर वृषवर्धन ने वो कर दिखाया जो नामुमकिन सा लगता है। मार्च 2026 में कांचीपुरम में हुए 'अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव' में उन्होंने अष्टाध्यायी कंठपाठ प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। कमाल की बात यह है कि इस मुकाबले में उनके सामने 18 से 25 साल के कॉलेज छात्र थे, जिन्हें इस नौ साल के बालक ने पीछे छोड़ दिया।

संस्कृत से सॉफ्टवेयर तक का सफर

अब आप सोच रहे होंगे कि यह तो रटने का कमाल है। जी नहीं, वृषवर्धन सिर्फ प्राचीन ग्रंथों को याद नहीं कर रहे हैं, बल्कि वो आज की तकनीक का इस्तेमाल कर इन्हें घर-घर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने 'गीतावर्धन' नाम का एक मोबाइल ऐप तैयार किया है। इस ऐप में 13 भारतीय भाषाओं में पूरी गीता उपलब्ध है। इसमें श्लोकों का पाठ खुद वृषवर्धन की आवाज में है और सबसे खूबसूरत बात यह है कि इसे चलाने के लिए इंटरनेट की जरूरत ही नहीं है। यह ऐप पूरी तरह से फ्री है, इसमें कोई विज्ञापन नहीं आता और यह आपका कोई पर्सनल डेटा भी नहीं लेता।

बना डाले हाथ से गैजेट्स

इस नन्हे जीनियस का दिमाग यहीं नहीं रुका। उन्होंने अपने हाथों से पॉकेट-साइज के 'गीता रीडर' गैजेट्स भी बना डाले हैं। माइक्रो-कंट्रोलर, स्क्रीन और स्पीकर की मदद से बने इन छोटे उपकरणों को आप जेब में रख सकते हैं। इनमें से एक तो आवाज से भी कंट्रोल होता है। उन्होंने कन्नड़, तमिल और तेलुगु सीखने के लिए भी ऐप बनाए हैं। वृषवर्धन के लिए हमारा पुराना इतिहास और आज की मॉडर्न तकनीक दो अलग-अलग चीजें नहीं हैं।









63 बीघा में किसान का मकान, 100 खिड़की-दरवाजे, 15 कार-10 ट्रैक्टर

नई दिल्ली। गांवों में खेत के बीच बने मकान तो आपने कई बार देखे होंगे। कई बार गांव में बने भव्य मकान देखकर आंखें खुली रह जाती हैं। यूपी के एक किसान ने 63 बीघा ऐसा घर बनवाया, जो



दूर से बिल्कुल महल जैसा दिखाई देता है। मकान की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 100 के करीब खिड़की दरवाजे हैं। मकान के बीचोंबीच एक बड़ा सा पार्क है। किसान अमरजीत सिंह के पास में 15 कार और 10 ट्रैक्टर हैं। सभी वाहनों का नंबर एक जैसा है। मकान के कोने-कोने में रईसी झलकती है। यूपी का सबसे फेमस और आधुनिक शहर नोएडा अपनी चमक-दमक के लिए जाना जाता हैं। यहां पर कई मल्टी नेशनल कंपनियों के ऑफिस हैं। नोएडा के ही सेक्टर 148 में एक गांव शैफीपुर है। शैफीपुर के किसान अमरजीत सिंह ने 63 बीघा ऐसा घर बनवाया, जो दूर से बिल्कुल महल जैसा दिखाई देता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com